वार्षिक रिपोर्ट 2017-18
ANNUAL REPORT 2017-18

स्पाइसेस बोर्ड
भारत

स्पाइसेस बोर्ड भारत
SPICES BOARD INDIA

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
Ministry of Commerce & Industry
भारत सरकार
Government of India
कोचिन / Cochin – 682 025

स्पाइसेस बोर्ड
भारत

स्पाइसेस बोर्ड

वार्षिक रिपोर्ट
2017-18

स्पाइसेस बोर्ड

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
भारत सरकार
सुगंध भवन, पी बी नं. 2277
कोचीन-682025

टेली : 0484-2333610-616, 2347965
इ-मेइल : mail.sboard@gov.in
वेबसाइट : www.indianspices.com

संकलन और संपादन

1. **श्री नितिन जो**
   उप निदेशक (यो. व स.)

2. **श्री टी.पी. प्रत्यूष**
   सहायक निदेशक (प्रचार)

3. **डॉ. जी. उषाराणी**
   सहायक निदेशक (रा.भा.)

तकनीकी समर्थन

1. **श्रीमती एम.एन. गीता**
   वैयक्तिक सहायक

2. **श्री बिजू डी षेणाइ**
   कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक

3. **श्री आर. जयचंद्रन**

   ई डी पी सहायक

विषय सूची

	कार्यकारी सरांश	:	5-6
1.	संघटन और प्रकार्य	:	7-8
2.	प्रशासन	:	9-14
3.	वित्त और लेखाठ	:	15
4.	निर्यातोन्मुख उत्पादन	:	16-21
5.	निर्यात विकास और संवर्धन	:	22-35
6.	प्रचार एवं संवर्धन	:	36-39
7.	कोडेक्स कक्ष और हस्तक्षेप	:	40-41
8.	इ-स्पाइस बाज़ार	:	42-43
9.	गुणवत्ता सुधार	:	44-49
10.	निर्यातोन्मुख अनुसंधान	:	50-52
11.	सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक आंकडा प्रक्रमण	:	53-54
12.	सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 का कार्यान्वयन	:	55
	परिशिष्ट - 1	**:**	**56-63**

कार्यकारी सारांश

स्पाइसेस बोर्ड भारतीय मसालों के विकास और विश्वव्यापी संवर्धन का अग्रणी संगठन है। बोर्ड, वैश्विक मसाला बाजार के औद्योगिक, फुटकर और खाद्य सेवा खंडों को साफ़ और मूल्य वर्द्धित मसालों तथा शाकों का अंतर्राष्ट्रीय प्रसंस्करण हब और प्रमुख आपूर्तिकर्ता बनने के विशन को पाने में भारतीय मसाला उद्योग को सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से, भारतीय मसालों की उत्कृष्टता हेतु कार्यकलापों की अगुवाई करता है। बोर्ड ने अपने विकास और संवर्धनात्मक गतिविधियों केलिए आधारशिला के रूप में गुणवता और स्वच्छता को अपनाया है।

वर्ष 2017-18 के दौरान भारतीय मसालों के निर्यात ने मूल्य के तौर पर अपना बढता रुख ज़ारी रखा और मात्रा और मूल्य दोनों में सर्वकालिक कीर्तिमान दर्ज किया है। परिमाण में आठ प्रतिशत, मूल्य में रुपए के तौर पर एक प्रतिशत और डोलर के तौर पर छह प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए वर्ष 2016-17 के 17664.61 करोड रुपए (2633.29 दशलक्ष यू एस डोलर) मूल्यवाले 9,47,790 टन के मुकाबले में देश से 17929.55 करोड रुपए (2781.46 दशलक्ष यू एस डोलर) मूल्यवाले कुल 10,28,060 टन मसाले व मसाले उत्पादों का निर्यात किया गया। वर्ष 2017-18 के 17665.10 करोड रुपए (2636.58 दशलक्ष यू एस डोलर) मूल्य के 10,23,000 टन के लक्ष्य की तुलना में परिमाण के हिसाब से लब्धि 100 प्रतिशत और मूल्य के हिसाब से लब्धि 101 प्रतिशत और डोलर के हिसाब से 105 प्रतिशत रही।

वर्ष 2016-17 की तुलना में परिमाण व मूल्य दोनों में वर्ष 2017-18 के दौरान, छोटी इलायची, जीरा, लहसुन आदि के निर्यात ने वृद्धि दर्ज की है। करी पाउडर/पेस्ट एवं मसाले तेल व तैलीराल जैसे मूल्यवर्द्धित उत्पादों के निर्यात ने वर्ष 2016-17 की अपेक्षा परिमाण और मूल्य दोनों में वृद्धि दिखाई है।

बोर्ड द्वारा प्रस्तुत "निर्यात संवर्धन एवं मसालों में गुणवता सुधार तथा इलायची के अनुसंधान व विकास केलिए एकीकृत योजना" को स्थाई वित्त समिति (एस एफ़ सी) द्वारा 491.78 करोड रुपए के कुल परिव्यय को, मध्यम अवधि ढांचा योजना (2017-18 से 2019-20 तक) के अंतर्गत मंजूर किया गया है। वर्ष 2017-18 में, बोर्ड को 90.96 करोड रुपए की निवल राशी का अनुदान दिया गया था। और कुल व्यय 102.23 करोड रुपए का था।

स्पाइसेस बोर्ड ने, मसाला उद्योग के पणधारियों को, खासकर कृषि समुदाय को, सशक्त बनाने हेतु आम अवसंरचना और प्रसंस्करण सुविधाएं प्रदान करते हुए प्रमुख उत्पादन/विपणन केंद्रों में फ़सल विशेष मसाला पार्कों की स्थापना की है। बोर्ड ने छिन्दवाडा, मध्य प्रदेश; पुट्टडी, केरल; जोधपुर, राजस्थान; गुना, मध्यप्रदेश; गुण्टूर, आन्ध्र प्रदेश और शिवगंगा, तमिल नाडु में मसाला पार्कों की स्थापना पूरी की है। राजस्थान के कोटा और उत्तर प्रदेश के राय बरेली में मसाला-पार्कों का निर्माण कार्य पूरा हो गया है और उद्घाटन केलिए तैयार है।

वर्ष के दौरान कोच्ची, मुंबई, दिल्ली, चेन्नई, गुण्टूर, तूतिकोरिन और कांडला की गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशालाओं ने चयनित मसालों के निर्यात परेषणों की विश्लेषणात्मक सेवाएं और अनिवार्य परीक्षण व प्रमाणन कार्य ज़ारी रखे। कोलकत्ता की गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशाला का काम प्रगति पर है। बोर्ड की सभी क्षेत्रीय गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशालाएं ए एस आई डी ई योजना के तहत स्थापित की गई हैं। वर्ष 2017-18 के दौरान, प्रयोगशालाओं ने एफ़्लाटोक्सिन, अवैध रंजक, नाशीजीवनाशी अवशेष, सालमोनेल्ला आदि सहित विभिन्न पैरामीटरों केलिए 1,17,474 नमूनों का विश्लेषण किया है।

वार्षिक कार्य योजना (ए ए पी) 2017-18 के अंतर्गत एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एम आई डी एच), कृषि मंत्रालय, भारत सरकार ने फसलोत्तर प्रबंधन

एवं एच आर डी कार्यक्रमों के कार्यान्वयन केलिए राष्ट्रीय स्तर के एजेंसी के रूप में स्पाइसेस बोर्ड का चयन किया है और बोर्ड ने, एम आई डी एच से प्राप्त निधियों का उपयोग करते हुए, खेत स्तर पर मसालों के उत्पादन हेतु तकनीकियों का प्रदर्शन, मानव संसाधन विकास, बागवानी मशीनीकरण, मूल्य श्रृंखला सर्वेक्षण आदि केलिए कार्यक्रम चलाया है।

स्पाइसेस बोर्ड भारत ने डिजिटल मंच-ई-स्पाइस बाजार-विकसित करने के लिए पहल की जो मसाले के किसानों और निर्यातकों / खरीददारों की जरूरतों को पूरा करता है। वेब पोर्टल, www.espicebazaar.com का, 25 फरवरी, 2018 को विशाखपट्टणम में माननीय केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री सुरेश प्रभु और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री एन. चंद्रबाबु नायडु द्वारा औपचारिक तौर पर लॉन्च किया गया था। वेब पोर्टल में सभी किसानों, उनके खेतों, उर्वरक और नाशीजीवनाशक के प्रयोगों सहित कृषि प्रथाओं का विवरण शामिल है; उन कंपनियों पर जानकारी जो खरीददार, किसान निर्माता संगठन (एफपीओ) आदि के रूप में पंजीकृत हैं।

स्पाइसेस बोर्ड, प्रमुख मसाला उत्पादक क्षेत्रों में क्रेता-विक्रेता बैठक (बीएसएम) आयोजित कर रहा है ताकि मसाला उत्पादकों और निर्यातकों के बीच प्रत्यक्ष बाजार संबंध स्थापित करने के लिए एक मंच प्रदान किया जा सके। वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान, बोर्ड ने देश भर में आठ बीएसएम आयोजित किए। स्पाइसेस बोर्ड ने, मसालों के उत्पादन और फसलोत्तर प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में हाल में हुई विकास का प्रसार करने, खेती में अंतराल की पहचान करने, मसालों के प्रसंस्करण और विपणन तथा उत्तर पूर्वी राज्यों में मसालों के विकास के लिए एक रोड मैप तैयार करने के उद्देश्य के साथ, 21 फरवरी 2018 को असम के गुवाहटी में उत्तर-पूर्वी राज्यों पर स्थान केंद्रित करते हुए मसालों पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया।

बोर्ड ने 26 अप्रैल, 2017 को इटानगर, अरुणाचल प्रदेश में मसाला कृषक उत्पादक कंपनी (एसएफपीसी) को प्रचालित करने के लिए एक अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया, जिसका उद्घाटन, माननीय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री किरेन रिजजू की उपस्थिति में माननीय केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (भूतपूर्व) श्रीमती निर्मला सीतारामन ने किया था। इसके अलावा, बोर्ड ने अरुणाचल प्रदेश के ज़िरो और नमसाई में एसएफपीसी गठन अभियान आयोजित किए थे। इसके बाद, नमसाई में एसएफपीसी कंपनी अधिनियम के तहत पंजीकृत कर दी गई है और ज़ीरो में एसएफपीसी पंजीकरण के अंतिम चरण में है।

कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) ने मसालों की खेती और प्रसंस्करण में लगे किसानों के सशक्तीकरण के लिए बोर्ड की परियोजना को मंजूरी दे दी है। यह परियोजना, भारत के अठारह राज्यों में, करीब 18,000 लाभार्थियों को शामिल करते हुए लागू की जाएगी जहां मसालों को बड़े पैमाने पर उगाया जाता है। इससे जुड़कर, वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान भारतीय कृषि कौशल परिषद (एएससीआई) द्वारा आयोजित प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण (टीओटी) कार्यक्रम में भाग लेने के बाद बोर्ड के 120 पदाधिकारियों को "प्रमाणित प्रशिक्षकों'' के रूप में सूचीबद्ध किया गया।

1. संघटन और प्रकार्य

अ) स्पाइसेस बोर्ड का संघटन

संसद द्वारा अधिनियमित स्पाइसेस बोर्ड अधिनियम, 1986 (1986 की सं. 10) में इलायची की खेती एवं उससे जुडे मामलों के नियंत्रण सहित मसालों के निर्यात के विकास तथा इलायची उद्योग के नियंत्रणार्थ बोर्ड के गठन का प्रावधान है। सरकारी राजपत्र में अधिसूचना द्वारा केंद्रीय सरकार ने स्पइसेस बोर्ड का गठन किया, जो 26 फरवरी 1987 ले अस्तित्व में आ गया।

आ) स्पाइसेस बोर्ड की सदस्यता में:

क) अध्यक्ष

ख) संसद के तीन सदस्य, जिनमें से दो लोकसभा से और एक राज्य सभा से चुने होते हैं

ग) केन्द्रीय सरकार के निम्नलिखित मंत्रालयों के प्रतिनिधि तीन सदस्यः

- वाणिज्य
- कृषि ; एवं
- वित्त;

घ) मसाले कृषकों के प्रतिनिधि छह सदस्य*;

ङ) मसाले निर्यातकों के प्रतिनिधि दस सदस्य;

च) प्रमुख मसाले उत्पादक राज्यों के प्रतिनिधि तीन सदस्य;

छ) निम्नलिखित प्रत्येक का प्रतिनिधित्व करनेवाले चार सदस्य;

- योजना आयोग (संप्रति नीति आयोग);
- भारतीय पैकेंजिंग संस्थान, मुंबई;
- केंद्रीय खाद्य प्रौद्योगिकीय अनुसंधान संस्थान, मैसूरु;
- भारतीय मसाला फसल अनुसंधान संस्थान, कोषिक्कोड;

ज) मसाले श्रमिकों के हितों का प्रतिनिधि एक सदस्य

⋆ वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार की अधिसूचना सं. 157 (ई) दिनांक 2 फरवरी 2018 के अनुसार संशोधित।

झ) बोर्ड के कार्य

स्पाइसेस बोर्ड अधिनिय, 1986, के मुताबिक स्पाइसेस बोर्ड को निम्नलिखित काम सौंप दिए गए हैं:-

क) बोर्ड :

(i) मसालों का विकास, प्रचार एवं निर्यात-नियमन करें;

(ii) मसालों के निर्यात केलिए प्रमाणपत्र प्रदान करें;

(iii) मसालों के निर्यात को बढ़ाया देने के लिए कार्यक्रम व परियोजना चलाएं;

(iv) मसालों के प्रसंस्करण, ग्रेडिंग व पैकेजिंग की गुणवत्ता तकनीक के सुधार केलिए अनुसंधान व अध्ययन कार्य को सहायता एवं प्रोत्साहन प्रदान करें;

(v) निर्यातार्थ मसालों के मूल्य के स्थिरीकरण की दिशा में प्रयास करें;

(vi) उपयुक्त गुणवत्ता प्रतिमानों का विकास तथा निर्यातलायक मसालों का 'गुणवत्ता-चिह्नाँकन' द्वारा गुणवत्ता-प्रमाणीकरण करें;

(vii) निर्यातार्थ मसालों की गुणवत्ता का नियंत्रण करें;

(viii) निर्यातार्थ मसालों के विनिर्माताओं को निर्धारित निबंधनों व शर्तों के आधार पर अनुज्ञप्ति प्रदान करें;

(ix) निर्यात बढ़ाने केलिए आवश्यकता महसूस होने पर किसी भी मसाले का विपणन करें;

(x) मसालों केलिए विदेशों में भंडागार सुविधाएं प्रदान करें;

(xi) संकलन एवं प्रकाशनार्थ मसाले विषयक साँख्यिकी इकट्ठा करें;

(xii) केंद्रीय सरकार के पूर्वानुमोदन से बिक्री केलिए किसी भी मसाले का आयात करें; तथा

(xiii) मसालों के आयात-निर्यात संबंधी बातों पर केंद्रीय सरकार को सलाह दे दें।

ख) साथ ही, बोर्ड:-

(i) इलायची कृषकों के बीच सहकारी प्रयासों को बढाया दें;

(ii) इलायची कृषकों को लाभकारी पारिश्रमिक सुनिश्चित करें;

(iii) इलायची खेती और प्रसंस्करण के सुधरे तरीकों, इलायची पुनरोपण तथा इलायची खेती इलाकों के विस्तारण केलिए वित्तीय एवं अन्य सहायता प्रदान करें;

(iv) इलायची की बिक्री को विनयमित तथा उसके मूल्य को स्थिर रखें;

(v) इलायची की जाँच तथा उसके ग्रेड मानदण्डों को स्थिर करने का प्रशिक्षण प्रदान करें;

(vi) इलायची के उपभोग को बढ़ावा दें तथा उसके प्रचार-प्रसार को ज़ारी रखें;

(vii) इलायची के (नीलामकर्ताओं सहित) दलालों एवं इलायची का धंधा करनेवाले लोगों को पंजीयन और अनुज्ञप्ति दें;

(viii) इलायची के विपणन में सुधार करें;

(ix) इलायची उद्योग से जुडे किसी विषय पर कृषकों, व्यापारियों या ऐसे अन्य विनिर्दिष्ट लोगों से आँकडा इकट्ठा करें और उनको या उनके अंश को या उनके सारांश को प्रकाशित करें;

(x) श्रमिकों केलिए बेहतर कार्यकारी परिस्थितियों और सुविधाओं की व्यवस्था तथा प्रोत्साहन को भी सुनिश्चित करें और

(xi) वैज्ञानिक, प्रौद्योगिकीय तथा आर्थिक अनुसंधान कार्य चलाएं, उनकेलिए प्रोत्साहन या सहायता प्रदान करें।

ई बोर्ड के अधिकार क्षेत्र के अधीन आनेवाले मसाले

स्पाइसेस बोर्ड अधिनियम की अनुसूची में निम्नलिखित 52 मसाले आते हैं:-

1	इलायची	19	कोकम	37	जूनिपर बेरी
2	कालीमिर्च	20	पुदीना	38	बे-पत्ता
3	मिर्च	21	सरसों	39	लूवेज
4	अदरक	22	अजमोद	40	मर्जोरम
5	हल्दी	23	अनारदाना	41	जायफल
6	धनिया	24	केसर	42	जावित्री(मेस)
7	जीरा	25	वैनिला	43	तुलसी
8	बडी सौंफ	26	तेजपात	44	खसखस
9	मेथी	27	पीपला	45	ऑलस्पाइस
10	सेलरी	28	स्टार एनीज़	46	रोज़मेरी
11	सौंफ	29	घोड बच (स्वीट फ्लैग)	47	सेज
12	अजोवन	30	महा गलेंजा	48	सेवरी
13	काला जीरा	31	होर्स-रैडिश	49	थाइम
14	सोआ	32	केपर	50	ओरगेनो
15	दालचीनी	33	लौंग	51	टेरागन
16	अमलतास (कैसिया)	34	हींग	52	इमली
17	लहसुन	35	केंबोज		
18	करी पत्ता	36	हिस्सप		

2. प्रशासन

अ) प्रशासन

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान डॉ. ए. जयतिलक भ.प्र.से. अध्यक्ष, एम पी ई डी ए ने, अध्यक्ष, स्पाइसेस बोर्ड का अतिरिक्त भार ग्रहण किया और 13.03.2018 से लेकर सचिव, स्पाइसेस बोर्ड का अतिरिक्त भार भी ग्रहण किया। श्री एस. सिद्दरामप्पा, 12.03.2018 तक सचिव के रूप में कार्यरत रहे और निदेशक(वित्त) के अतिरिक्त भार भी ग्रहण किया। श्री पी.एम. सुरेषकुमार रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान, निदेशक(विपणन) के रूप में कार्यरत रहे। डॉ. रमा श्री ए.बी. निदेशक(अनुसँधान) के रूप में ज़ारी रहे और रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान निदेशक(विकास) का अतिरिक्त भार भी ग्रहण किया।

जैसेकि 31 मार्च 2018 को है, स्पाइसेस बोर्ड की स्टाफ संख्या 403 थी, जिसमें 6 विभागीय कैंटीन कर्मचारियों सहित 85 वर्ग 'क', 129 वर्ग 'ख' और 189 वर्ग 'ग' अधिकारी शामिल हैं।

क) नियुक्तियों एवं पदोन्नतियों में अ.जा/अ.ज.जा/ अ.पि.व. केलिए आरक्षण

बोर्ड अ.जा/अ.ज.जा/अ.पि.व. केलिए पद-आधारित आरक्षण रोस्टर का उचित रूप से कार्यावयन करता है। सरकार द्वारा समय-समय पर इस संबंध में ज़ारी अनुदेशों का भी कडाई से अनुपालन किया जा रहा है। जैसेकि 31 मार्च, 2018 को है, अ.जा/अ.ज.जा और अ.पि.व.की श्रेणियों में 223 कर्मचारी थे। मितोपभोग उपायों के चलते, वाणिज्य विभाग के निदेश के अनुसार रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान कर्मचारियों को न कोई पदोन्नति दी गईं और न ही कोई नियुक्ति हुई है।

ख) महिला कल्याण

जैसेकि 31 मार्च 2018 को है, बोर्ड की 'क', 'ख' व 'ग' श्रेणियों की महिला पदाधिकारियों की कुल संख्या 121 है। महिला पदाधिकारियों की शिकायतों पर समय पर और उचित तौर पर ध्यान दिया जाता है। बोर्ड की वर्ग 'क' स्तर की एक महिला अधिकारी को 'महिला कल्याण अधिकारी' के रूप में नियुक्त किया गया है, ताकि महिलाओं की परेशानियों/समस्याओं, यदि कोई हो, तो उन्हें जानने और संभव समाधान केलिए सुझावों के साथ उच्च अधिकारियों के ध्यान में लाया जा सकें।

ग) अ.जा/अ.जा/अ.पि.व. कल्याण

बोर्ड द्वारा अ.जा./अ.जा व अ.पि.व. के कर्मचारियों के कल्याण की देखभाल हेतु और उनकी समस्याओं के समाधान हेतु समितियों का गठन किया जा चुका है। बोर्ड द्वारा अ.जा/अ.ज.जा/अ.पि.व. से संबंधित आरक्षण मामलों केलिए एक संपर्क अधिकारी को पदनामित किया जा चुका है।

घ) दिव्यांग व्यक्तियों का कल्याण

बोर्ड द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों से जुडे आरक्षण मामलों के लिए एक संपर्क अधिकारी को पदनामित किया है और विकलांग व्यक्तियों का आरक्षण रोस्टर बनाए रखा जाता है।

ङ) आंतरिक लेखापरीक्षा

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान इस्टिट्यूट ऑफ ऑडिटेर्स ऑफ इंडिया (आई पी ए आई) ने बोर्ड की आंतरिक लेखापरीक्षा से संबंधित मामलों में परामर्शदाता सेवाएं प्रदान करने का काम ज़ारी रखा।

च) बोर्ड की बैठकें

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान, फरवरी 2017 को बोर्ड का कार्यकाल समाप्त होने के कारण कोई बोर्ड बैठकों का आयोजन नहीं हुआ और बोर्ड का पुनर्गठन भी नहीं हुआ। बोर्ड के सदस्यों की सूची का प्रारूप वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार को प्रस्तुत किया गया है, जिसके अंतिमरूप/अनुमोदन की प्रतीक्षा की जाती है।

छ) बोर्ड के कार्यालय

बोर्ड का मुख्यालय कोच्ची में स्थित है। आगे, बोर्ड के देश भर 105 कार्यालय हैं जिनमें 30 निर्यात संवर्धन कार्यालय, छोटी व बडी इलायची केलिए 60 अनुसंधान व विकास कार्यालय, सात गुणवत्ता मूल्याँकन प्रयोगशालाएँ (गु.मू.प्र.) और आठ मसाला पार्क शामिल हैं।

(i) निर्यात संवर्धन कार्यालयः

क्रम सं	स्थान	राज्य/संघ शासित प्रदेश
1	पडेरू	आंध्र प्रदेश
2	खम्मम	आंध्र प्रदेश
3	वारंगल	आंध्र प्रदेश
4	गुवाहटी	असम
5	पाटना	बिहार
6	जगदलपुर	छत्तीसगढ
7	पोंडा	गोवा
8	अहमदाबाद	गुजरात
9	सुरेंद्र नगर	गुजरात
10	ऊँझा	गुजरात
11	उना	हिमाचल प्रदेश
12	श्रीनगर	जम्मु व काश्मीर
13	राँची	झारखंड
14	बंगलूरु	कर्नाटक
15	नागपुर	महाराष्ट्र
16	साँगली	महाराष्ट्र
17	चुराचंदपुर	मणिप्पुर
18	शिलाँग	मेघालय
19	ऐज़ल	मिज़ोरम
20	नई दिल्ली	नई दिल्ली
21	कोरापुट	उडीसा
22	चंडीगढ	पंजाब/हरियाणा
23	नागरकोविल	तमिल नाडु
24	निज़ामाबाद	तेलंगाना
25	हैदराबाद	तेलंगाना
26	अगर्तला	त्रिपुरा
27	बाराबंकी	उत्तर प्रदेश
28	साँबल	उत्तर प्रदेश
29	देहरादून	उत्तराखंड
30	कोलकाता	पश्चिम बंगाल

(ii) अनुसंधान व विकास कार्यालय/फार्म

छोटी इलायची का अनुसंधान व विकास

क्रम सं	स्थान	राज्य/शासित प्रदेश
1	अडिमाली	केरल
2	एलप्पारा	केरल
3	कल्पेट्टा	केरल
4	कट्टप्पना	केरल
5	कुमली	केरल
6	मैलाडुम्पारा	केरल
7	नेडुंकण्डम	केरल
8	पांपाडुम्पारा	केरल
9	पीरमेडु	केरल
10	पुट्टडी	केरल
11	राजाक्काड	केरल
12	राजकुमारी	केरल
13	शांतनपारा	केरल
14	उडुंबनचोला	केरल
15	बत्लगुंडू	तमिलनाडु
16	बोडिनायकन्नूर	तमिलनाडु
17	कोयंबत्तूर	तमिलनाडु
18	ईरोड	तमिलनाडु
19	सेलम	तमिलनाडु
20	तडियनकुडिश्शी	तमिलनाडु
21	आइगूर	कर्नाटक
22	बागमंडला	कर्नाटक
23	बेलगोला	कर्नाटक
24	बेलिगेरे	कर्नाटक

25	बेट्टडामने	कर्नाटक
26	चिकमगलूर	कर्नाटक
27	डोनिगल	कर्नाटक
28	हावेरी	कर्नाटक
29	कोप्पा	कर्नाटक
30	मडिक्केरी	कर्नाटक
31	मुडिगेरे	कर्नाटक
32	सकलेशपुर	कर्नाटक
33	शिवमोगा	कर्नाटक
34	सिरसी	कर्नाटक
35	सोमवारपेट	कर्नाटक
36	वनगूर	कर्नाटक
37	विराजपेट	कर्नाटक
38	येसलूर	कर्नाटक

बडी इलायची का अनुसंधान व विकास

क्रम सं	स्थान	राज्य/शासित प्रदेश
1	आलो	अरुणाचल प्रदेश
2	बोमडिला	अरुणाचल प्रदेश
3	चांगलांग	अरुणाचल प्रदेश
4	इटानगर	अरुणाचल प्रदेश
5	नमसाई	अरुणाचल प्रदेश
6	पसीघाट	अरुणाचल प्रदेश
7	रोइंग	अरुणाचल प्रदेश
8	तेज़ू	अरुणाचल प्रदेश
9	ज़िरो	अरुणाचल प्रदेश
10	तिनसुकिया	असम
11	दीमापुर	नागालैंड
12	कोहिमा	नागालैंड
13	मोकोकचुंग	नागालैंड
14	गांतोक	सिक्किम
15	गेयसिंग	सिक्किम
16	जोरथांग	सिक्किम
17	काबी	सिक्किम
18	मंगन	सिक्किम
19	पांगथांग	सिक्किम
20	तादोंग	सिक्किम
21	कलिंपोङ	पश्चिम बंगाल
22	सुखियापोखरी	पश्चिम बंगाल

(iii) गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशालाएं (क्यू ई एल)

1	गुंटूर	आंध्र प्रदेश
2	काण्डला	गुजरात
3	कोच्ची	केरल
4	मुम्बई	महाराष्ट्र
5	नरेला	नई दिल्ली
6	चेन्नई	तमिलनाडु
7	तुतिकोरिन	तमिलनाडु

(iv) मसाला पार्क

1	गुंटूर	आंध्र प्रदेश
2	पुट्टडी	केरल
3	छिंदवाडा	मध्य प्रदेश
4	गुना	मध्य प्रदेश
5	जोधपुर	राजस्थान
6	रामगंज मंडी(कोटा)	राजस्थान
7	शिवगंगा	तमिलनाडु
8	राय बरेली	उत्तर प्रदेश

ज) विभाग से जुडी वाणिज्य-संबंधी संसदीय स्थाई समिति का स्पाइसेस बोर्ड का दौरा

विभाग से जुडी वाणिज्य-संबंधी संसदीय स्थाई समिति ने स्पाइसेस बोर्ड के कार्यकलापों और कार्यकरण तथा दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ के साथ व्यापार पर अध्ययन हेतु 19-25 अप्रैल, 2017 अवधि के दौरान विजयवाडा, हैदराबाद, चेन्नई और मुंबई का दौरा किया। समिति ने 1-4 जुलाई, 2017 के दौरान गुवाहटी और कोलकाता का भी दौरा किया और मसाला क्षेत्र के पणधारियों के साथ बैठकों का अयोजन किया।

आ) राजभाषा नीति का कार्यान्वयन

वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान राजभाषा अनुभाग के प्रमुख कार्यकलाप एवं उपलब्धियाँ नीचे दिए जाते हैं:

क) अनुवाद

किए गए प्रमुख अनुवाद कार्य (अंग्रेज़ी से हिंदी में तथा उल्टे) निम्नानुसार हैं:

- राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) के अधीन आनेवाले दस्तावेज़ जैसेकि सामान्य आदेश (परिपत्र), टेंडर, दस्तावेज़, विज्ञापन, प्रेस विज्ञप्तियाँ, अधिसूचनाएं, वी आई पी संदर्भ आदि
- वार्षिक रिपोर्ट तथा लेखापरीक्षा रिपोर्ट 2016-17 और संसद के सामने प्रस्तुत बोर्ड की अन्य प्रशासनिक रिपोर्टें
- बोर्ड के दौरे/निरीक्षण केलिए आई विभिन्न संसदीय समितियों केलिए बैक ग्राउण्ड नोट, भरी हुई प्रश्नावली और अन्य सामग्री
- बोर्ड द्वारा आयोजित विभिन्न समारोहों केलिए द्विभाषी सामग्री (बैनर, बैकड्रोप, आमंत्रण कार्ड, कार्यक्रम शीट आदि)
- हिंदी पत्रिका 'स्पाइस इण्डिया' केलिए सामग्री
- हिंदी में प्राप्त पत्र और उनका जवाब
- सेवारत पदाधिकारियों केलिए विज़िटिंग कार्ड, रबड-मोहर और बोर्ड की सेवाओं से सेवानिवृत्त पदाधिकारियों केलिए मेमेंटो
- बडी इलायची पर प्रस्तावित "रिवाइस्ड लार्ज कार्डमम गाइड" के लिए सामग्री
- हिंदी में बोर्ड के कार्यकलापों पर पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण

ख) राजभाषा नीति का कार्यान्वयन

1) राजभाषा कार्यान्वयन समिति बैठकों का आयोजन

वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान, चार बैठकें (हर तिमाही में एक), क्रमशः 17-04-2017 (अप्रैल-जून 2017 के लिए), 18-08-2017 (जुलाई-सितंबर 2017 केलिए), 18-12-2017 (अक्तूबर-दिसंबर 2017 के लिए), और 13-3-2018 (जनवरी-मार्च 2018 केलिए), का आयोजन किया गया। अध्यक्ष, स्पाइसेस बोर्ड या उनकी अनुपस्थिति में सचिव प्रभार ने इन बैठकों की अध्यक्षता की।

2) राजभाषा कार्यान्वयन समिति के निर्णयों पर अनुवर्ती कार्य सुनिश्चित करना

राजभाषा अनुभाग ने कार्यान्वयन समिति में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्य सुनिश्चित किया है। प्रमुख कदम निम्नानुसार है:

- स्टाफ के विवरण/वेतन चिट्ठे का द्विभाषी रूप तैयार किया गया
- रजिस्टरों में हिन्दी में प्रविष्टियां और प्रेषक रजिस्टर को द्विभाषी रखा जाना सुनिश्चित किया
- राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) का अनुपालन सुनिश्चित किया
- प्रादेशिक कार्यालयों के बीच राजभाषा कार्यान्वयन कार्य का विकेन्द्रीकरण किया गया

3) हिन्दी कार्यशाला

- 26 जुलाई, 2017 को नए रंगरूट स्टाफ सदस्यों केलिए एक हिन्दी कार्यशाला का

आयोजन किया गया और राजभाषा नीति तथा राजभाषा नीति के कार्यान्वयन हेतु बोर्ड के कार्यकलाप की जानकारी देने केलिए हिन्दी में एक पावर पॉइंट प्रसेंटेशन तैयार किया गया

- आन्ध्र प्रदेश, तेलंगाना तथा उडीसा राज्यों में कार्यरत बोर्ड के स्टाफ़ सदस्यों केलिए 26-02-2018 को प्रादेशिक कार्यालय, स्पाइसेस बोर्ड, गुंटूर (आन्ध्र प्रदेश) में एक-दिवसीय क्षेत्रीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। श्री नागराजु, हिन्दी अधिकारी, मंडल रेलवे, गुंटूर इस कार्यशाला के संकाय सदस्य रहे, जिसमें 18 स्टाफ़ सद्स्यों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया

4) सेवा-कालीन हिन्दी प्रशिक्षण

- स्पाइसेस बोर्ड के सात स्टाफ़ सदस्यों को केन्द्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान, नई दिल्ली के अधीन पत्राचार पाठ्यक्रम के ज़रिए सेवाकालीन हिन्दी प्रशिक्षण (प्रबोध-2/प्रवीण-4/प्राज्ञ-1) केलिए मनेनीत किया गया।
- वरिष्ठ हिन्दी अनुवादक ने 24-28 जुलाई, 2017 के दौरान, हिन्दी शिक्षण योजना, कोच्ची द्वारा एन आई सी, काक्कनाड में 'कंप्यूटर पर हिन्दी में काम करने केलिए आयोजित पांच-दिवसीय बेसिक प्रशिक्षण कार्यक्रम' में भाग लिया
- वरिष्ठ हिन्दी अनुवादक ने 19-23 मार्च, 2018 के दौरान, केन्द्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान, नई दिल्ली में आयोजित पंच-दिवसीय राजभाषा अभिमुखीकरण कार्यक्रम में भाग लिया

5) हिन्दी समाचार पत्र/पत्रिकाओं केलिए चंदा

स्पाइसेस बोर्ड ने, हिन्दी अखबार 'हिन्दी मिलाप' और 'सरिता' व 'वनिता' नामक हिन्दी पत्रिकाओं केलिए चंदा देना ज़ारी रखा।

6) राजभाषा निरीक्षण

- राजभाषा अनुभाग ने वर्ष 2017-18 के दौरान, मुख्यालय के अनुभागों के अलावा, सात बाहरी कार्यालयों, नामतः गुंटूर, गांतोक,वारंगल, जोधपुर, मुंबई, गुना और कलिंपोङ का राजभाषाई निरीक्षण किया। निरीक्षण रिपोर्टों की पुनरीक्षा की गई और संबंधित पदाधिकारियों को कमियों की सूचना दी गई और कमियों को दूर करने केलिए आवश्यक मार्गनिर्देश दिए गए

7) हिन्दी दिवस/पखवाडा समारोह-2017

- 14 सितंबर, 2018 को स्पाइसेस बोर्ड के सभी कार्यालयों में हिन्दी दिवस के रूप में मनाया गया और श्री एस. सिद्दरामप्पा, सचिव प्रभार ने स्पाइसेस बोर्ड मुख्यालय, कोच्ची में हिन्दी पखवाडा समारोह 2017 का उद्घाटन किया। राजभाषा अनुभाग ने स्टाफ सदस्यों केलिए विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। साथ ही, हिन्दी पखवाडा समारोह 2017 के सिलसिले में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन केलिए बाहरी कार्यालयों को आवश्यक सहायता प्रदान की गई
- 17 जनवरी, 2018 को स्पाइसेस बोर्ड, मुख्यालय, कोच्ची में हिन्दी पखवाडा समारोह 2017 का समापन समारोह आयोजित किया गया। अध्यक्ष, स्पइसेस बोर्ड ने समारोह की अध्यक्षता की जिसमें डॉ. ईशा प्रिया भा.प्र.से., सहायक जिलाधीश, एरणाकुलम मुख्यातिथि रही
- मुख्यालय के स्टाफ़ केलिए आयोजित विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताओं के विजेताओं, हिन्दी में स्टाफ़ द्वारा किए गए सराहनीय काम तथा राजभाषा प्रतिभा पुरस्कार केलिए ट्रोफियां/नकद पुरस्कार/प्रमाणपत्र, मुख्यालय के अनुभागों केलिए राजभाषा रोलिंग ट्रोफ़ी, सेवा-कालीन

हिन्दी प्रशिक्षण परिक्षाओं में विजयी होने पर स्टाफ़ सदस्यों केलिए प्रमाणपत्र आदि का वितरण अध्यक्ष और मुख्यातिथि द्वारा वितरित किया गया

8) कोच्ची नराकास द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में प्रतिभागिता

- स्पाइसेस बोर्ड ने संयुक्त राजभाषा समारोह 2017 से जुडे खर्च की पूर्ति केलिए कोच्ची नराकास को सहायता प्रदान की
- 8 नवंबर, 2017 को संपन्न नराकास की बैठक में स्पाइसेस बोर्ड के निदेशक (अनु.व विकास) तथा सहायक निदेशक (रा.भा.) ने भाग लिया
- वरिष्ठ हिन्दी अनुवादक ने 11-15 नवंबर, 2017 के दौरान आयोजित पाँच-दिवसीय अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया
- कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक नें 16 जनवरी, 2018 को कोच्ची में आयोजित राजभाषा पर तकनीकी कार्यशाला में भाग लिया
- 6 मार्च, 2018 की नराकास बैठक में प्रभारी सचिव, सहायक निदेशक (रा.भा.) और कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक ने भाग लिया सहायक निदेशक (रा.भा.)ने राजभाषा नीति के कार्यान्ययन से जुडे बोर्ड के कार्यकलापों पर हिन्दी में एक पावर पॉइंट प्रेसेंटेशन प्रस्तुत किया

ग) स्पाइस इण्डिया (हिन्दी)

राजभाषा अनुभाग ने सितंबर, 2017 तक स्पाइस इण्डिया (हिन्दी) के प्रकाशन से संबंधित सामग्री एकत्रित करना, संपादन करना आदि कार्य किया है। प्रेस पूर्व कार्य के आउटसोर्स किए जाने के बाद, राजभाषा अनुभाग ने अक्तूबर, 2017 से प्रूफ़ रीडिंग, मान्य ग्राहकों, प्रकाशन केलिए मूल सामग्रियों के लेखकों से संपर्क, लेखकों को परिश्रमिक का प्रबंध करना, मुद्रण चार्ज का भुगतान आदि कार्य ज़ारी रखा।

घ) उपलब्धियां/पुरस्कार

(i) वाणिज्य विभाग से राजभाषा ट्रोफ़ी

स्पाइसेस बोर्ड को, वर्ष 2016-17 केलिए वाणिज्य विभाग द्वारा स्थापित राजभाषा शील्ड (तृतीय पुरस्कार) प्रदान की गई। अध्यक्ष, स्पाइसेस बोर्ड ने वाणिज्य सचिव, भारत सरकार से शील्ड ग्रहण की।

(ii) कोच्ची नराकास से राजभाषा ट्रोफ़ी

वर्ष 2017-18 के लिए कोच्ची नगर राजभाषा कार्यान्ययन समिति (कोच्ची नराकास) द्वारा स्थापित राजभाषा ट्रोफ़ी (तृतीय पुरस्कार) स्पाइसेस बोर्ड को प्रदान की गई। निदेशक (अनु. व विकास), स्पाइसेस बोर्ड ने ट्रोफ़ी ग्रहण की।

इ. पुस्तकालय और प्रलेखन सेवा

बोर्ड के पुस्तकालय में कंप्यूटरीकृत ग्रंथसूची दित्ताबेस साहित पुस्तकों व पत्रिकाओं का एक अच्छा संग्रहण है। पुस्तकालय व सूचना केंद्र को मज़बूत बनाने का कार्य नई पुस्तकों व पत्रिकाओं को जोडकर ज़ारी रखा गया। वर्ष 2017-18 के दौरान, 150 पत्रिकाओं केलिए चंदा ज़ारी रखने के साथ-साथ 81 नई पुस्तकें जोड दी गईं। इसके अलावा, पुस्तकालय ने दस्तावेज़ों व पत्रिकाओं का परिचालन, दस्तावेज़ सुपुर्दगी सेवाएं, करंट एवेयरनेस सेर्विसेस, दैनिक सूचना सेवाएं, सी डी - रोम सर्च, रिप्रोग्राफिक सेवाएं, मसालों व कोंडीमेंट्स पर समाचार लेखों को एकत्रित करके वितरीत करना जैसी नियमित सेवाएं ज़ारी रखीं। विविध विश्वविद्यालयों के करीब 50 छात्रों तथा शोधकर्ताओं को मार्गदर्शन सहित संदर्भ सुविधाएं प्रदान की गईं। पुस्तकालय ने, इंटरनेट सक्षम कंप्यूटर टर्मिनल के ज़रिए, उपयोगकर्ताओं को ऑनलाइन समाचार पत्रों तथा जर्नलों तक एक्सेस प्रदान किया है। पुस्तकालय के पुस्तकों को बारकोड स्कैनर सुविधा सहित कोहा पुस्तकालय प्रबंधन सोफ्ट्वेयर (कोहा लाइब्रेरी मैनेजमेंट सोफ्टवेयर) के ज़रिए पुस्तकों को ज़ारी किया जाता है और ऑनलाइन पब्लिक ऐक्सेस कैटलोग (ओ पी ए सी) सुविधा की स्थापना करते हुए पुस्तकालय दस्तवेज़ों को आसानी से प्राप्त करने की सुविधा सक्षम बनाई गई है।

3. वित्त और लेखा

बोर्ड की योजनाओं, परियोजनाओं एवं कार्यक्रमों केलिए वित्तीय व्यवस्था भारत सरकार से प्राप्त अनुदान एवं इमदाद द्वारा की जाती है। प्रशासन के खर्च मुख्यतः सरकार से प्राप्त सहायता-अनुदान और बोर्ड के विविध कार्यकलापों से बननेवाले आन्तरिक एवं अतिरिक्त बजटीय संसाधन (आई ई बी आर) के ज़रिए चुकाए जाते हैं।

वर्ष 2017-18 के दौरान बोर्ड केलिए अनुमोदित बजट 9700.00 लाख रुपए है। वर्ष 2017-18 के दौरान भारत सरकार की तरफ़ से अनुदान केलिए 4521.00 लाख रुपए, इमदाद केलिए 3638.00 लाख रुपए, उत्तर-पूर्वी क्षेत्र केलिए उपबन्ध के रूप में 690.00 लाख रुपए और एस सी उप-प्लान केलिए उपबन्ध के रूप में 850.00 लाख रुपए बोर्ड को प्राप्त हुए, जिनमें से 604.00 लाख रुपए एस सी उप-प्लान के लिए प्राप्त अनुदान के मुकाबले में अव्ययित शेष के रूप में सरकार को लौटाए गए। बोर्ड ने 2017-18 के दौरान गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशालाओं द्वारा प्रदान की गई गुणवत्ता जांच-सेवाओं के विश्लेषण चार्ज, प्रयोगशाला से पादपों, अनुसंधान फ़ार्मों के फ़ार्म-उत्पादों की बिक्री, चंदा एवं विश्लेषण शुल्क, निर्यातकों का रजिस्ट्रीकरण शुल्क, कर्मचारियों को दिए गए अग्रिमों की वापसी, अग्रिम पर ब्याज, अल्पकालीन जमा पर ब्याज आदि से 1688.61 लाख रुपए का आई ई बी आर जमाया। वर्ष 2017-18 के दौरान, प्लान एवं नॉन-प्लान के अधीन का कुल व्यय 10223.20 लाख रुपए था, जिसका ब्यौरा नीचे दिया जाता है:-

लेखा शीर्ष	**बजट अनुदान (लाख रुपयों में)**	**व्यय (लाख रुपयों में)**
निर्यातोन्मुख उत्पादन	2662.00	3124.81
निर्यात विकास एवं संवर्धन	2452.00	2791.07
निर्यातोन्मुख अनुसंधान	621.00	651.93
गुणवत्ता सुधार	1114.00	1261.97
एच आर डी व निर्माण कार्य	2247.00	2393.43
कुल	**9096.00**	**10223.21**

बोर्ड अन्य सरकारी विभागों एवं राष्ट्रीय अभिकरणों, जैसेकि एम आई डी एच, आई सी ए आर, ए एस आई डी ई आदि से प्राप्त अनुदानों से कुछ अन्य चालू परियोजनाओं एवं कार्यक्रमों का कार्यान्वयन भी करता आ रहा है। वर्ष 2017-18 के दौरान की ऐसी परियोजनाओं, प्राप्त अनुदानों एवं किए गए व्यय का ब्यौरा नीचे दिया जाता है:-

कार्यक्रम	अनुदान (लाख रुपयों में)	व्यय* (लाख रुपयों में)
एम आई डी एच	150	77.43
ए एस आई डी ई	75	751.6
आर के वी वाई - आन्ध्र प्रदेश एवं तेलंगाना	5.6	17.82
आई सी ए आर- ए आई सी आर पी एस	10.7	10.7
आर के वी वाई-असम	8.48	6.41
औषधीय पौधों का गुणवत्ता मानक	6.39	5.16
आई पी सी	0.64	0.64
डी यू एस जांच केंद्र	–	1.3
क्षेत्रव्यापी आई पी एम कालीमिर्च	–	3.68
इ-स्पाइस बाज़ार परियोजना	–	15.4
डब्ल्यू टी ओ-एस टी डी एफ़	–	2.74
कुल	**256.81**	**892.88**

*व्यय में पिछले सालों में एवं वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान उपयोग में लाए गए अनुदान शामिल है।

स्पाइसेस बोर्ड पर वैधानिक लेखापरीक्षा रिपोर्ट 2017-18 के अनुच्छेदों को परिशिष्ट-I के रूप में रखा गया है।

4. निर्यातोन्मुख उत्पादन

स्पाइसेस बोर्ड, इलायची (छोटी और बड़ी) के उत्पादन, उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार तथा समग्र विकास के लिए उत्तरदायी है। बोर्ड, निर्यात हेतु गुणवत्तायुक्त मसालों के उत्पादन के लिए फसल कटाई के पश्चात् सुधार कार्यक्रम भी कार्यान्वित कर रहा है। बोर्ड के विभिन्न विकास कार्यक्रमों और फसल की कटाई के पश्चात् के गुणवत्ता सुधार कार्यक्रमों को निर्यातोन्मुख उत्पादन के अंतर्गत शामिल किया गया है।

विकास कार्यक्रम बोर्ड के विस्तार नेटवर्क के माध्यम से कार्यान्वित किए जाते हैं, जिनमें क्षेत्रीय कार्यालय, विभागीय कार्यालय और क्षेत्र कार्यालय शामिल हैं। बोर्ड ने मसाला उत्पादकों की गुणवत्तायुक्त रोपण सामग्री की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कर्नाटक के प्रमुख इलायची उत्पादक क्षेत्रों में पांच विभागीय पौधशालाएं बनाई रखी जाती हैं।

स्पाइसेस बोर्ड ने मसालों के विकास और विपणन को बढ़ावा देने और राज्य में उगाए जानेवाले मसालों के अनुसंधान, उत्पादन, विपणन, गुणवत्ता में सुधार और निर्यात कार्यक्रमों को लागू करने में विभिन्न राज्य, केंद्र और संबद्ध एजेंसियों/संस्थानों के साथ बेहतर समन्वय करने के लिए निम्नलिखित 11 मसाला विकास एजेंसियों (एसडीए) की स्थापना की है।

- गुवाहटी एसडीए
- गांतोक एसडीए
- उत्तर प्रदेश एसडीए
- गुना एसडीए
- उंझा एसडीए
- जोधपुर एसडीए
- मुंबई एसडीए
- गुंटूर एसडीए
- हावेरी एसडीए
- ईरोड एसडीए
- वारंगल एसडीए

संबंधित राज्य के मुख्य सचिव एसडीए के अध्यक्ष हैं तथा प्रत्येक एसडीए में मसाला उत्पादकों, निर्यातकों, व्यापारियों, राज्य बागवानी/कृषि विभाग, राज्य कृषि विश्वविद्यालय, संयुक्त डीजीएफटी, कृषि मंत्रालय, वाणिज्य मंत्रालय आदि का प्रतिनिधित्य करने वाले 17 सदस्य हैं। बोर्ड के संबंधित क्षेत्रीय अधिकारी एसडीए के सदस्य हैं। एसडीए ने बैठकें आयोजित की हैं और एसडीए बैठकों में लिए गए निर्णयों के अनुसार कार्रवाई की जा रही है।

स्पाइसेस बोर्ड ने जम्मू-कश्मीर में केसर के विकास, विपणन, गुणवत्ता, निर्यात और घरेलू खपत को बढ़ावा देने के लिए श्रीनगर में केसर उत्पादन और निर्यात विकास एजेंसी (एसपीईडीए) की स्थापना की है। वाणिज्य विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सचिव और जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव एसपीईडीए की सह-अध्यक्षता करेंगे।

मसालों का निर्यातोन्मुख उत्पादनः

वर्ष 2017-18 के दौरान 'मसालों का निर्यातोन्मुख उत्पादन योजना के अंतर्गत लागू किए गए विभिन्न कार्यक्रमों का नीचे उल्लेख किया गया हैः

इलायची मुख्य रूप से केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु के पश्चिमी घाटों में उगाई जाती है। इलायची उत्पादन के अधिकांश जोत छोटे और मामूली हैं। वर्ष 2017-18 के दौरान कुल 69,330 हेक्टेयर (हेक्टेयर) क्षेत्र में छोटी इलायची उगाई गई थी और अनुमानित उत्पादन 20650 मीट्रिक टन था। छोटी इलायची के विकास के लिए निम्नलिखित कार्यक्रमों को कार्यान्यित किया गया हैः

(क) पुनःरोपण

इस कार्यक्रम का उद्देश्य केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक राज्यों में छोटी इलायची के पुराने, जीर्ण और अलाभकर बागानों के मामलो को संबोधित करना है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छोटे और सीमांत कृषकों को वित्तीय सहायता प्रदान कर उन्हें पुराने, जीर्ण और अलाभकर बागानों के

पुनःरोपण लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। केरल और तमिलनाडु में उत्पादकों को प्रति हेक्टेयर 70,000 रुपए और कर्नाटक में प्रति हेक्टेयर 50,000 रुपए के अनुदान की पेशकश की जाती है, जो पक्वनावधि के दौरान प्रतिस्थापन और रखरखाव की लागत का 33.33 प्रतिशत है, यह दो समान वार्षिक किस्तों में देय है। आठ हेक्टेयर तक के पंजीकृत छोटे और सीमांत इलायची कृषक इस योजना के अंतर्गत लाभ के लिए पात्र हैं।

वर्ष 2017-18 के दौरान, बोर्ड ने 388.77 हेक्टयर पर इलायची के पुनःरोपण के लिए सहायता प्रदान की थी और 123.54 लाख रुपए की इमदाद की व्यवस्था की गई थी, जिससे 964 कृषक (महिलाः 153; अजाः 28; अजजा; 1) लाभान्वित हुए।

(ख)गुणवत्तायुक्त रोपण सामग्री का उत्पादन और वितरण

बोर्ड की विभागीय पौधशालाओं द्वारा रोगमुक्त, स्वस्थ और गुणवत्तायुक्त रोपण सामग्री का उत्पादन और वितरण किया गया। पांच विभागीय पौधशालाओं में उत्पादित रोपण सामग्री न-लाभ-न-हानि के आधार पर उत्पादकों को वितरीत की गई थी। वर्ष 2017-18 के दौरान, कर्नाटक में बोर्ड की पांच विभागीय पौधशालाओं में 1,51,894 इलायची रोपण सामग्री, 3,37,023 मूल लगाई कालीमिर्च की कतरनें, 32,645 कालीमिर्च न्यूक्लियस रोपण सामग्री, 1,905 झाड़ीदार कालीमिर्च रोपण सामग्री, 470 टर्मिनल कालीमिर्च रोपण सामग्री और 1,676 वैनिला रोपण सामग्री का उत्पादन किया गया और उन्हें 1135 कृषकों (महिलाः 34; अजा; 37; अजजाः14) को वितरित किया गया था।

आ) उत्तर पूर्व के लिए विकास कार्यक्रम

(क)इलायची (बडी)

बडी इलायची मुख्य रूप से सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड और पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग और कलिंपोंङ जिलों के उप-हिमालयी इलाकों में उगाई जाती है। वर्ष 2017-18 के दौरान सिक्किम और पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग और कलिंपोंङ जिलों में कुल 26617 हेक्टयर जमीन पर बडी इलायची उगाई गई थी और अनुमानित उत्पादन 5905 टन था। गुणवत्तायुक्त रोपण सामग्री की अनुपलब्धता, जीर्ण, पुराने और अलाभकर पौधों की विद्यमानता तथा अंगमारी(चित्ती) रोगों के प्रकोप बडी इलायची के उत्पादन को प्रभावित करनेवाली प्रमुख चुनौतियां हैं। इसे ध्यान में रखते हुए, बोर्ड ने बडी इलायची के लिए निम्नलिखित कार्यक्रमों को लागू किया।

(i) बडी इलायची - पुनःरोपण

बडी इलायची मुख्य रूप से समाज के कमजोर वर्गों के छोटे और सीमांत किसानों द्वारा उगाई जाती है। इस योजना का उद्देश्य उत्पादकों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए उन्हें व्यवस्थित तरीके से पुनःरोपण करने के लिए प्रोत्साहित करना है। इलायची उगाने वाले किसान उच्च निवेश के कारण प्रतिस्थापन/नई रोपण की लागत को पूरा कर पाने की स्थिति में नहीं हैं। गैर-पारंपरिक क्षेत्रों में नए रोपण की लागत का 33.33 प्रतिशत और परंपरागत क्षेत्रों में प्रतिस्थापन के साथ-साथ पक्वनावधि (यानि 1 और 2 वर्ष) के दौरान रखरखाव लागत की इमदाद के रूप में प्रति हेक्टेयर अधिकतम 28000 रूपए बोर्ड प्रदान करता है, जो दो समान वार्षिक किस्तों में देय है।

वर्ष 2017-18 के दौरान, बोर्ड ने 1072.9 हेक्टेयर बडी इलायची के पुनःरोपण/नए रोपण के लिए सहायता प्रदान की और इमदाद के रूप में 149.78 लाख रुपए आबंटित किए गए, जिससे 2631 कृषक (महिला, 635; अजा; 20; अजजा; 2189) लाभान्वित हुए।

इ) फसल कटाई के पश्चात् मसालों का सुधार

क) बीजीय मसाला थ्रेशर

आम तौर पर बीजीय मसाला उत्पादकों द्वारा अपनाई जानेवाली कटाई और फसल कटाई के पश्चात् की प्रथाएं अस्वास्थ्यकर होती हैं, जिसके परिणामस्वरूप उत्पाद डंठल, गंदगी, रेत, तनों के टुकडे इत्यादि बाहरी सामग्री से संदूषित होते हैं। बताया जाता है कि काटे गए और सूखे पौधों से बीजों को बांस के टुकड़ों से पीट कर या पौधों से रगड़कर अलग किया जाता है। बोर्ड

सूखे पौधों से बीज को अलग करने और स्वच्छ मसालों का उत्पादन करने के लिए, थ्रेशरों के उपयोग को लोकप्रिय बना रहा है, जिन्हें हाथों से या बिजली का उपयोग करके चलाया जाता है।

बोर्ड इमदाद के रूप में थ्रेशर की लागत का 50 प्रतिशत उपलब्ध कराता है, जो एक बिजली संचालित थ्रेशर के लिए अधिकतम 60,000 रूपए और हाथ से संचालित थ्रेशर के लिए 20,000 रुपए है।

वर्ष 2017-18 के दौरान, बोर्ड ने किसानों के खेतों में 48 विद्युत संचालित थ्रेशरों को स्थापित करने में सहायता प्रदान की और 28.02 लाख रुपए की कुल छूट दी गई, जिससे 48 उत्पादक (महिलाः 7; अजाः1) लाभान्वित हुए।

ख) भाप से हल्दी उबालने वाली इकाइयों की आपूर्ति

कार्यक्रम का उद्देश्य भाप से हल्दी उबालने वाली इकाइयों का उपयोग करके हल्दी प्रसंस्करण के लिए बेहतर वैज्ञानिक तरीकों को अपनाने में हल्दी उत्पादकों की सहायता करना है। यह अंतिम उपज को बेहतर रंग और गुणवत्ता प्रदान करता है। स्पाइसेस बोर्ड निर्यात के लिए उपयुक्त गुणवत्तायुक्त हल्दी के उत्पादन के लिए उत्पादकों में हल्दी उबालने वाली इकाइयों के उपयोग को, बड़े पैमाने पर लोकप्रिय बना रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत हल्दी उबालने वाली इकाई की वास्तविक लागत का 50 प्रतिशत या 1.50 लाख रुपए में से, जो भी कम हो, का अनुदान प्रदान किया गया।

वर्ष 2017-18 के दौरान, 22.45 लाख रुपए की वित्तीय सहायता से भाप से उबालने वाली 15 हल्दी इकाइयों की आपूर्ति की गई, जिससे 15 कृषक (महिलाः 5) लाभान्वित हुए।

ग) बडी इलायची को सुखाने के लिए संशोधित भट्टी/ एसएडब्ल्यूओ ड्रायरों की आपूर्ति

इस योजना का उद्देश्य खेतीहर समुदाय को बड़ी इलायची की गुणवत्ता में सुधार के लिए वैज्ञानिक उपचार विधियां अपनाने के लिए प्रेरित करना है। 200 किग्रा और 400 किलो की क्षमता वाली संशोधित भट्टी (आईसीआरआई मॉडल) के निर्माण की कुल लागत क्रमशः27,000 रुपए और 37,500 रुपए है। इसके अलावा एसएडब्ल्यूओ ड्रायर/समकक्ष ड्रायर की कुल लागत 25,000 रुपए है। संशोधित भट्टी (आईसीआरआई मॉडल) के निर्माण या एसएडब्ल्यूओ/समकक्ष ड्रायर की खरीद के लिए कुल लागत के 75 प्रतिशत की दर से या 22,500 रुपए में से जो भी कम है, बोर्ड इमदाद प्रदान करता है।

वर्ष 2017-18 के दौरान, 23.97 लाख रुपए की वित्तीय सहायता से 115 संशोधित भट्टियों/एसएडब्ल्यूओ या समकक्ष इकाइयों को आपूर्ति की गई, जिससे 115 कृषक (महिलाः 12; अजजाः 66) लाभान्वित हुए।

घ) जायफल ड्रायर

परंपरागत रूप से, जायफल और जावित्री को धूप में सुखाने का चलन है। चूंकि जायफल की कटाई मानसून के मौसम में होती है, इसलिए धूप से जायफल और जावित्री (मेस) को सुखाना बहुत मुश्किल होता है। यह ठीक से न सूखने का कारण हो सकता है जिससे उपज में कवकीय संक्रमण हो सकता है, इससे एफ्लाटोक्सिन की वृद्धि होती है। जायफल में एफ्लाटोक्सिन की मौजूदगी जायफल के निर्यात में एक बड़ी बाधा है। जायफल को समान और स्वच्छता से सुखाने से जायफल की गुणवत्ता की चिंताओं को दूर करने में मदद मिलेगी। कुछ नवाचार पसंद किसानों ने लकड़ी, बिजली आदि वैकल्पिक ईंधन का उपयोग करनेवाले जायफल ड्रायर प्रस्तुत किए हैं, जिनसे स्वच्छ और अच्छी गुणवत्ता वाले जायफल का उत्पादन करने में मदद मिली है और सुखाने के समय में काफी कमी आई है। ये ड्रायर पर्यावरण के अनुकूल हैं, श्रम की बचत करते हैं और संचालित करने में आसान हैं। इस योजना का उद्देश्य गुणवत्तावाले जायफल और जावित्री (मेस) का उत्पादन करने के लिए उत्पादकों में यांत्रिक ड्रायर को लोकप्रिय बनाना है। बोर्ड, इमदाद के रूप में सुखाने की लागत का 50 प्रतिशत या अधिकतम 30000 रुपए प्रदान करता है।

वर्ष 2017-18 के दौरान, बोर्ड ने 21 जायफल ड्रायरों

की स्थापना में सहायता की, जिसके लिए 4.45 लाख रुपए की कुल वित्तीय सहायता प्रदान की गई, जिससे 21 कृषकों (महिलाः 4) को लाभ हुआ।

ङ) कालीमिर्च के थ्रेशरों की आपूर्ति

इस योजना का उद्देश्य कालीमिर्च के उत्पादकों को डंठलों से कालीमिर्च की फलियों को स्वच्छता के साथ अलग करने के लिए कालीमिर्च के थ्रेशर्स स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित कर, निर्यात के लिए अच्छी गुणवत्ता- वाली कालीमिर्च का उत्पादन करना है। वर्ष 2017-18 के दौरान कुल 23.67 लाख रुपए की वित्तीय सहायता से 177 थ्रेशर्स स्थापित किए गए थे, जिनसे 177 कृषकों (महिलाः 18) को लाभ हुआ।

ई) मसालों की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम (क्यूआईटीपी)

बोर्ड किसानों, राज्य कृषि/बागवानी विभाग के अधिकारियों, व्यापारियों, एनजीओ के सदस्यों आदि को फसल-कटाई के पहले और बाद के उपचारों तथा भंडारण प्रौद्योगिकियों, वैज्ञानिक तरीकों और प्रमुख मसालों के लिए अद्यतित गुणवत्ता सुधार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।

वर्ष 2017-18 के दौरान 24.56 लाख रुपए के कुल व्यय से, 259 केंद्रों में कुल 11871 कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया था। वर्ष 2017-18 के दौरान बोर्ड द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के श्रेणीवार विवरण नीचे दिए गए हैं:

- 176 कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम - 7568 प्रतिभागी (महिलाः 2335; अजाः 670; अजजाः 1890)
- 22 मास्टर प्रशिक्षण कार्यक्रम-968 प्रतिभागी (महिलाः157; अजाः 112; अजजाः 189)
- 23 क्षेत्रीय सेमिनार-2001 प्रतिभागी (महिलाः 244; अजाः 72; अजजाः 275)
- 25 बाजार संपर्क कार्यक्रम-1100 प्रतिभागी (महिलाः 40; अजाः 65; अजजा145)
- 13 व्यापारी प्रशिक्षण कार्यक्रम-234 प्रतिभागी (महिलाः 9; अजाः3; अजजाः7)

3) विस्तार सलाहकार सेवा

उत्पादकता में वृद्धि और मसालों की फसल कटाई के बाद उनमें सुधार की तकनीकी जानकारी के हस्तांतरण का प्रशिक्षण उत्पादकता में वृद्धि और मसालों की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए एक महत्वपूर्ण कारक है। इस कार्यक्रम में निजी संपर्क, क्षेत्रीय यात्राओं, सामूहिक बैठकों और साहित्य वितरण के माध्यमों से छोटी इलायची (केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक राज्यों में) और बड़ी इलायची (सिक्किम और पश्चिम बंगाल राज्यों में) की खेती के वैज्ञानिक पहलुओं और फसल के प्रबंधन के वैज्ञानिक पहलुओं पर उत्पादकों को तकनीकी/विस्तार समर्थन देने की परिकल्पना की गई है।

बोर्ड के उत्पादन और फसल कटाई के बाद के कार्यक्रम विस्तार सलाहकार सेवा के अलावा, 'निर्यातोन्मुख उत्पादन' योजना के अंतर्गत विस्तार नेटवर्क के माध्यम से लागू किए जाते हैं।

वर्ष 2017-18 के दौरान, कुल 28,085 विस्तार दौरे आयोजित किए गए और केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड और पश्चिम बंगाल के कलिंपोंड तथा दार्जिलिंग जिले के इलाकों और अन्य मसालों के लिए संबंधित उगाने वाले क्षेत्रों में छोटे और बड़े इलाके के लिए 2,938 सामूहिक बैठकें/अभियान आयोजित किए गए।

ऊ) बाहरी रूप से वित्त पोषित परियोजनाएं

क) बागवानी के एकीकृत विकास (एमआईडीएच) मिशन के अंतर्गत मसालों के कटाई-पश्चात के प्रबंधन पर परियोजना।

एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच), कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की वित्तीय

सहायता से मसाला उगाने वाले प्रमुख राज्यों में बोर्ड द्वारा मसालों की फसल की कटाई के बाद फसल प्रबंधन की यह व्यापक परियोजना लागू की गई है।

वर्ष 2017-18 के दौरान, एमआईडीएच ने कार्यक्रम को लागू करने के लिए दो किस्तों में 165.05 लाख रुपए की राशि जारी की। कुल मिलाकर 77.43 लाख रुपए खर्च किए गए थे, एमआईडीएच परियोजना के अंतर्गत 3954 किसानों को लाभ मिला था और 87.62 लाख रुपए की शेष राशि को वर्ष 2018-19 के लिए अग्रेनीत कर दिया गया है।

वर्ष 2017-18 के दौरान परियोजना के अंतर्गत प्राप्त उपलब्धियां नीचे सूचीबद्ध हैं:

(i) खेत स्तर पर मसालों के उत्पादन के लिए प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन

कुल 14.57 लाख रुपए के वित्तीय परिव्यय के साथ, 23 मॉडल प्लॉटों में बडी इलायची, छोटी इलायची, अदरक, हल्दी, मिर्च, लहसुन, धनिया, जीरा और कालीमिर्च की उत्पादन प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया गया था, जिससे 2980 किसानों (महिलाः 195; अजाः 47; अजजाः 260) को लाभ हुआ)

(ii) मानव संसाधन विकास

क) नौ किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनका कुल वित्तीय परिव्यय 3.63 लाख रुपए था, इनसे 529 किसानों (महिलाः 39; अजजाः 65) को लाभ हुआ।

ख) तीन तकनीकी अधिकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम 0.21 लाख रुपए के कुल वित्तीय परिव्यय से आयोजित किए गए, जिससे 75 अधिकारी (महिलाः 11; अजजाः 8) लाभान्वित हुए।

(iii) कार्यशाला/संगोष्ठी/सम्मेलन पाँच लाख रुपए के कुल वित्तीय परिव्यय से एक राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया गया था, जिससे 115 पणधारियों (महिलाः 27; अजाः 18; अजजाः 53) को लाभ हुआ।

(iv) बागवानी का मशीनीकरण

कार्यक्रम के अंतर्गत, निम्नलिखित मदों को खरीदने के लिए सहायता प्रदान की गई थी।

(i) दस लाख चौहत्तर हजार रुपए की वित्तीय सहायता से 115 कालीमिर्च थ्रेशर्स (महिलाः 11)

(ii) ग्यारह लाख चौंतीस हजार रुपए की वित्तीय सहायता से 27 बीजीय मसाला थ्रेशर (महिलाः 2; अजाः 1; अजजः1)

(iii) आठ लाख सैंतालीस हजार रुपए की वित्तीय सहायता के साथ 11 ड्रायर।

(iv) तेरह लाख उनसठ हजार रुपए की वित्तीय सहायता के साथ 100 जायफल ड्रायर (महिलाः 13)

(v) एक लाख 37 हज़ार रुपए की वित्तीय सहायता के साथ हल्दी पॉलिश करने वाली 2 मशीनें।

v) मूल्य श्रृंखला सर्वेक्षण/अध्ययन

कृषकों के परिप्रेक्ष्य में छोटी इलायची और बड़ी इलायची के उत्पादन, फसल कटाई के पश्चात् के प्रबंधन और विपणन के पूरे तालमेल को समझने की जरूरत महसूस की गई है। यह जमीन की स्थिति को बेहतर ढंग से समझने और मूल्य श्रृंखला में सुधार के लिए वैज्ञानिक तरीकों को विकसित करने तथा बाज़ार संबंधों और कृषकों द्वारा मूल्य प्राप्ति के अंतराल को पहचानने में मदद करेगा। यह उत्पादन, फसल कटाई-पश्चात् प्रबंधन, मूल्य श्रृंखला विकास, विपणन और छोटी और बड़ी इलायची के निर्यात को बढ़ावा देने के तंत्र तैयार करने में सहायक होगा। वित्तीय वर्ष 2017-18 में 60 लाख रुपए के कुल वित्तीय व्यय के साथ एक अध्ययन शुरू किया गया है और वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान भी इसे जारी रखा जा रहा है।

(vi) पौधशाला प्रबंधन पर कौशल कार्यक्रम

स्पाइसेस बोर्ड मसालों के पौधशाला प्रबंधन पर किसानों और ग्रामीण युवाओं को कौशल विकास कार्यक्रम प्रदान करता आ रहा है। कौशल विकास कार्यक्रम के दायरे में

प्रचार तकनीकी (मुकुलन, कलमें बनाना, कतरन, सतह निर्माण इत्यादि जैसे बीज और वनस्पति प्रसार), मसालों की पौधाशाला का प्रबंधन और अन्य संबंधित संचालन शामिल है।

वर्ष 2017-18 के दौरान, 4.82 लाख रुपए के कुल वित्तीय व्यय के साथ 82 किसानों और ग्रामीण युवाओं को आईसीआरआई, मैलाडुंपारा और आईसीआरआई-आरआरएस, सकलेशपुर में प्रशिक्षित किया गया था। यह कार्यक्रम वर्ष 2018-19 के दौरान जारी रखा जाएगा।

ख) आंध्र प्रदेश सरकार की आरकेवीवाई परियोजना

आंध्र प्रदेश सरकार ने आरकेवीवाई के अंतर्गत बोर्ड द्वारा प्रस्तुत निम्नलिखित परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है और राज्य में परियोजनाओं को स्पाइसेस बोर्ड द्वारा लागू किया जा रहा है।

- किसानों के लिए वैश्विक जीएपी प्रमाणनः परियोजना में करी पत्तियों और मिर्च के उत्पादन और प्रसंस्करण को वैश्विक जीएपी प्रमाणीकरण और निर्यात संबंध में लाने की परिकल्पना की गई है।
- कृषि के लिए गाय आधारित कार्बनिक आदान बनाने के लिए प्रदर्शन/प्रशिक्षण व उत्पादन केंद्र नेहरु नगर, नए गुंटूर, आंध्र प्रदेश में गोशाला के स्थानीय संसाधनों का उपयोग करने वाला एक नमूना मॉडल विकसित किया गया है।
- कल्याणदुर्ग मंडल, अनंतपुर जिला, आंध्र प्रदेश में वर्द्धित आय और सीधे संबंधों के लिए हल्दी में फसल कटाई के पश्चात् सतत तकनीक।
- प्रकाशम, गुंटूर और कुर्नूल जिलों में बाजार से जुडाव के साथ धनिया और अजोवन की निर्यातोन्मुख खेती और उत्पादन पर प्रशिक्षण।
- कुंचनपल्ली बागवानी फार्म, विशाखापत्तनम जिला, आंध्र प्रदेश में एक मुख्य प्रौधशाला की स्थापना।
- आंध्र प्रदेश के प्रकाशम और गुंटूर जिलों में जापानी पुदीना के लिए प्रदर्शन खंड

ग) तेलंगाना सरकार की आरकेवीवाई परियोजना

तेलंगाना सरकार ने मसालों के विकास पर स्पाइसेस-बोर्ड द्वारा प्रस्तुत एकीकृत परियोजना को मंजूरी दे दी है और वर्ष 2015-16 के दौरान परियोजनाओं को तेलंगाना क्षेत्र में लागू करने केलिए आरकेवीवाई के अंतर्गत 110 लाख रुपए जारी किए हैं। वर्ष 2017-18 के दौरान परियोजना के अंतर्गत 9.71 लाख रुपए की कुल सहायता प्रदान की गई थी, जिसका विवरण निम्नानुसार हैः

1. हल्दी पॉलिश करने की मशीन की आपूर्ति- 1 नग 0.71 लाख-1लाभार्थी
2. हल्दी उबालने की इकाई की आपूर्ति - 6 नग - 9.00 लाख - 6 लाभार्थी। (अजजाः1)

घ) असम सरकार की आरकेवीवीई परियोजना

असम सरकार ने आरकेवीवाई के अंतर्गत असम में अदरक, हल्दी और कालीमिर्च के विकास के लिए बोर्ड द्वारा प्रस्तुत एकीकृत परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है और कार्यक्रम के मानव संसाधन विकास घटक को कार्यान्वित करने के लिए वित्तीय वर्ष 2017-18 में बोर्ड को 8.48 लाख रुपए जारी किए गए थे।

ऋ) अंतर्राष्ट्रीय कालीमिर्च दिवस

मेघालय के पश्चिम गारो हिल्स जिले में आईपीसी, जकार्ता, इंडोनेशिया की वित्तीय सहायता से 6 अक्तूबर 2017 को जिला बागवानी कार्यालय, तुरा, पश्चिम गारो हिल्स में अंतर्राष्ट्रीय मिर्च दिवस-2017 का आयोजन किया गया। पूर्वोतर के विभिन्न भागों से आए हुए किसानों, निर्यातकों और व्यापारियों ने आपस में बातचीत की और किसानों ने खरीद, मूल्य इत्यादि पर प्रश्न उठाए। निर्यातकों/व्यापारियों ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कालीमिर्च के विपणन के लिए आवश्यक गुणवत्ता मानकों के बारे में बताया। कालीमिर्च दिवस आयोजित करने के लिए बोर्ड को आईपीसी से 1000 अमरीकी डॉलर (64,229.54 भारतीय रुपए के बराबर)प्राप्त हुए थे।

5. निर्यात विकास और संवर्धन

'निर्यात विकास और संवर्धन योजना के अंतर्गत लागू किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों का उद्देश्य मसाला प्रसंस्करण में उच्च तकनीक को अपनाना, उच्च मूल्य वृद्धि के लिए प्रौद्योगिकियों को उन्नत करना और आयात करने वाले देशों के बदलते खाद्य सुरक्षा मानकों को पूरा करने के लिए क्षमताओं को विकसित कर निर्यातकों का समर्थन करना है। वैज्ञानिक प्रथाओं और प्रक्रिया उन्नयन को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए, बोर्ड मसालों की पूरी आपूर्ति श्रृंखला में गुणवत्ता और खाद्य सुरक्षा पर ध्यान दे रहा है। बल दिए जाने वाले प्रमुख क्षेत्रों में मसालों के नए अनुप्रयोग और नए उत्पाद विकास, विदेश में भारतीय मसाला ब्रैंडों का प्रचार, प्रमुख मसाला बढ़ाए जानेवाले/विपणन केंद्रों में सामान्य सफाई, ग्रेडिंग, प्रसंस्करण, पैकिंग और भंडारण (मसाला पार्क) के लिए बुनियादी ढांचे की स्थापना, जैविक मसालों/जीआई मसालों का प्रचार आदि शामिल हैं। उत्तर पूर्वी क्षेत्र के उद्यमियों के लिए विशेष कार्यक्रम भी किए जाते है।

अ) अवसंरचना का विकास

क) अवसंरचना के विकास के लिए ब्याज समकारी योजना

बोर्ड मसाला प्रसंस्करण में उच्च-तकनीक को अपनाने, प्रौद्योगिकी और प्रक्रिया अद्यतन, इन-हाउस गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशालाओं की स्थापना/उन्नयन, गुणवत्ता प्रमाणन इत्यादि के लिए, वाणिज्यिक ऋण की दर पर ध्यान न देते हुए, राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंकों से, तीन वर्ष के लिए प्रति वर्ष अधिकतम 30.00 लाख रुपए तक, तीन प्रतिशत ब्याज छूट प्रदान कर 10.00 करोड़ रुपए के आवधिक ऋण से निर्यातकों की सहायता करने का प्रस्ताव करता है। यह सहायता मशीनों, उपकरणों, उपकरणों से जुडी बिजली/संबंधित वस्तुओं, सहायक स्थापनाओं, सहायक सुविधाओं/नियंत्रण कक्ष, केबल ट्रेंचिंग, ट्रांसफोर्मर इत्यादि और स्थापना/निर्माण शुल्क जैसी वस्तुओं तक सीमित होगी। निर्यातक केवल एक परियोजना के लिए प्रति वर्ष अधिकतम 30 लाख रुपए या कई परियोजनाओं के लिए, तीन वर्ष के लिए अधिकतम 90 लाख रुपए तक पर ब्याज समीकरण सहायता का लाभ उठा सकते हैं। वाणिज्य मंत्रालय ने मध्यम अवधि की फ्रेम कार्य योजना अवधि के दौरान योजना को लागू करने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है और मंजूरी के लिए विस्तृत योजना दिशानिर्देश मंत्रालय को प्रस्तुत किए गए है।

ख) उच्च तकनीक, प्रौद्योगिकी और प्रक्रिया उन्नयन को अपनाने, इन-हाउस प्रयोगशाला की स्थापना और गुणवत्ता प्रमाणन के लिए सहायता-अनुदान

बोर्ड ने 22वीं योजना अवधि के दौरान सहायता-अनुदान प्रदान कर उच्च तकनीक, प्रौद्योगिकी और प्रक्रिया उन्नयन, इन-हाउस प्रयोगशाला, गुणवत्ता प्रमाणन इत्यादि की स्थापना के लिए, सामान्य क्षेत्रों में प्रति निर्यातक लागत का 33 प्रतिशत अधिकतम 1.00 करोड़ रुपए प्रदान कर योजना लागू की थी। बोर्ड ने वर्ष 2017-18 के दौरान इस योजना के अंतर्गत लंबित मामलों के भुगतान की प्रतिबद्धता को पूरा किया है।

वर्ष 2017-18 के दौरान, उच्च तकनीक प्रसंस्करण को अपनाने के अंतर्गत तीन इकाइयों को 245.1 लाख रुपए, प्रौद्योगिकी के अंतर्गत एक इकाई को 2.8 लाख रुपए और दो इकाइयों को इन-हाउस प्रयोगशाला की स्थापना/उन्नयन के अंतर्गत 35.9 लाख रुपए के हिसाब से वित्तीय सहायता दी गई है।

ग) पीपीपी मसाला पार्कों की स्थापना

प्रमुख मसालों को उगाने, निर्यात और विपणन क्षेत्रों में पीपीपी मोड के अंतर्गत मसाला पार्क स्थापित करने का बोर्ड का प्रस्ताव है। मसालों के निर्यातक (सीआरईएस) के रूप में पंजीकरण का वैध प्रमाणपत्र रखने वाली उत्पादक कृषक कंपनियां या उद्यमी इस योजना के

अंतर्गत प्रमोटर के रूप में आवेदन के लिए पात्र हैं। व्यापार संघ भी इस योजना में भाग लेने के पात्र होंगे। बोर्ड इक्विटी के रूप में मसाला पार्क स्थापित करने के लिए परियोजना की कुल लागत का 20 प्रतिशत अधिकतम 400 लाख रुपए तक प्रदान करेगा। वाणिज्य मंत्रालय ने मध्यम अवधि के फ्रेम कार्य योजना अवधि के दौरान कार्यान्वयन के लिए योजना को मंजूरी दे दी और मंत्रालय को मंजूरी के लिए विस्तृत योजना दिशानिर्देश प्रस्तुत किए गए हैं।

घ) पूर्वोतर क्षेत्र में मसाला प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना

बोर्ड पूर्वोतर क्षेत्र में मसालों के लिए प्राथमिक प्रसंस्करण सुविधाओं की स्थापना में सहायता करने का प्रस्ताव करता है। इस योजना के अंतर्गत दिया जानेवाला सहायता-अनुदान प्रति निर्यातक प्रसंस्करण सुविधाओं/उपकरणों की लागत का 33 प्रतिशत अधिकतम 50 लाख रुपए तक होगा। किसानों के समूहों/कृषक उत्पादक कंपनियों के संबंध में, वैध सीआरईएस होने पर, सभी प्रकार की प्रसंस्करण सुविधाओं के लिए लागत के 50 प्रतिशत अधिकतम 50 लाख रुपए तक सहायता दी जाएगी। बोर्ड पूर्वोतर क्षेत्र के निर्यातकों में प्राथमिक प्रसंस्करण सुविधाओं को स्थापित करने के लिए जागरूकता उत्पन्न कर रहा है।

ङ) सामान्य प्रसंस्करण की अवसंरचना की स्थापना और रख-रखाव

स्पाइसेस बोर्ड ने किसानों को बेहतर मूल्य प्राप्ति और व्यापक बाजार प्राप्त करने में सशक्त बनाने के लिए, प्रमुख उत्पादन/बाजार केंद्रों में फसल विशिष्ट मसाला पार्क सथापित किया है। पार्क का उद्देश्य खेती, कटाई पश्चात् उपचार, प्रसंस्करण, मूल्यवर्धन, पैकेजिंग और मसालों तथा मसाला उत्पादों के भंडारण के लिए एक एकीकृत संचालन करना है। मध्म अवधि फ्रेम कार्य योजना के दौरान, निर्यातक संघों/राज्य सरकार द्वारा जमीन को बोर्ड से अलग कर लेने पर, बोर्ड उत्पादन क्षेत्रों/विपणन केंद्रों में भाप विसंक्रमण इकाइयों, सफाई और ग्रेडिंग इकाइयों आदि जैसी सामान्य प्रसंस्करण सुविधाओं को स्थापित करने का प्रस्ताव करता है। सफाई, ग्रेडिंग, पैकिंग, भाप विसंक्रमण इकाइयों आदि सामान्य प्रसंस्करण सुविधाएं उपज की गुणवत्ता में सुधार करने में किसानों की मदद करेंगी और वैसे बेहतर मूल्य वसूली में परिणत होंगी।

प्रमुख उत्पादन/बाजार केंद्रों में बोर्ड द्वारा स्थापित फसल विशिष्ट मसाला पार्कों का विवरण नीचे दिया गया हैः

क्रम सं	स्थान/राज्य	शामिल मसाले	स्थिति
1	छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश	लहसुन और मिर्च	प्रवृत्त
2	पुट्टडी, केरल	कालीमिर्च और इलायची	प्रवृत्त
3	जोधपुर, राजस्थान	जीरा और धनिया	प्रवृत्त
4	गुना, मध्य प्रदेश	धनिया	प्रवृत्त
5	गुंटूर, आंध्र प्रदेश	मिर्च	प्रवृत्त
6	शिवगंगा, तमिलनाडु	हल्दी और मिर्च	प्रवृत्त
7	कोटा, राजस्थान	धनिया, जीरा	प्रवृत्त
8	रायबरेली, उत्तर प्रदेश	पुदीना	पूरा हो गया है

मसाला पार्क / सामान्य प्रसंस्करण सुविधाओं के रखरखाव, घटक के अंतर्गत शामिल किया जाएगा, जिसके लिए वर्ष 2017-18 के दौरान 217.30 लाख रुपए खर्च किए गए थे।

आ) व्यापार संवर्धन

क) व्यापारिक नमूनों को विदेश भेजना

बोर्ड उन निर्यातकों की सहायता करता है जो खरीददारों द्वारा अनुरोध किए गए नमूनों के आधार पर व्यापारिक लेनदेन को अंतिम रूप देने की इच्छा रखते हैं और प्रति वर्ष अधिकतम 50,000 रुपए तक के कूरियर शुल्क की प्रतिपूर्ति करते हैं। मसाला निर्यात परिदृश्य में व्यापारिक नमूने भेजना संभावित ग्राहकों को बेहतर और तेजी से ग्रहकों में रूपांतरित करने में सक्षम करता है। मध्यम फ्रेम कार्य योजना अवधि के दौरान कार्यान्वयन के लिए सहायता-अनुदान में प्रति वर्ष एक लाख रुपए की वृद्धि के लिए बोर्ड का प्रस्ताव स्वीकृत हो गया है। पंजीकृत निर्यातक इस कार्यक्रम के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के पात्र हैं और वर्ष 2017-18 के दौरान, योजना के अंतर्गत 0.2 लाख रुपए की सहायता प्रदान की गई थी।

ख) पैकेजिंग विकास और बार कोडिंग

इस कार्यक्रम में शेल्फ लाइफ़ को बढ़ाने और भंडारण स्थान को कम करने तथा विदेशी बाजारों में भारतीय मसालों की खोज और बेहतर प्रस्तुति स्थापित करने के लिए निर्यात पैकेजिंग के सुधार और आधुनिकीकरण की परिकल्पना की गई है। पंजीकृत निर्यातक पैकेजिंग विकास और बार कोडिंग पंजीकरण की लगत के 50 प्रतिशत की सहायता प्राप्त कर सकते हैं जो प्रति निर्यातक एक लाख रुपए तक सीमित है। वर्ष 2017-18 के दौरान, उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में एक निर्यातक को 0.8 लाख रुपए की राशि वितरित की गई थी।

बोर्ड ने भारतीय पैकेजिंग संस्थान (आईआईपी), मुंबई को साबुत मसालों के पैकेजिंग विकास के लिए अनुसंधान और विकास परियोजना सौंपी है। आईआईपी ने मुंबई और बोर्ड ने वर्ष 2017-18 के दौरान परियोजना के प्रथम चरण में चार लाख रुपए जारी किए हैं।

ग) उत्पाद विकास और अनुसंधान

देश के भीतर उत्पादित मसालों से नए अंत्योपयोग और अनुप्रयोगों को प्राप्त करने की पर्याप्त गुंजाइश है। इस योजना का उद्देश्य मसलों के पौष्टिक, न्यूट्रास्यूटिकल, सौंदर्यवर्धक, औषधीय और सहज गुणों का वैज्ञानिक अधिप्रमाणन और इस अधिप्रमाणन के आधार पर नए उत्पादों का विकास करना है। पंजीकृत निर्यातक, अनुसंधान और विकास संस्थान आदि की आवश्यकता वाली सुविधाएं इस योजना के अंतर्गत सहायता प्राप्त करने के लिए पात्र होंगे। साबुत मसालों के रूप में निर्यात करने पर इन उत्पादों और सूत्रों से उपलब्ध मूल्य की तुलना में बहुत अधिक मूल्य प्राप्त होगा। मसालों से नए उत्पादों के विकास में पौष्टिक, औषधीय और कॉस्मेटिक मूल्यों के क्षेत्रों में वैज्ञानिक अनुसंधान शामिल है, जो अधिकतम मूल्य प्राप्ति के साथ पेटेंट योग्य उत्पादों के निर्माण को आगे बढ़ा सकता है। यह योजना उत्पाद अनुसंधान और विकास, नैदानिक परीक्षण, गुणविशेषताओं का अधिप्रमाणन, पेटेंट करने और परीक्षण विपणन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है। प्रति लाभार्थी सहायता में, सहायता-अनुदान के रूप में अधिकतम 25.00 लाख रुपए के अधीन परियोजना की लागत का 50 प्रतिशत प्रदान करने का प्रस्ताव है। यदि इसमें नैदानिक परीक्षण और पेटेंट करना शामिल हैं, तो यह सीमा 100 लाख रुपए की होगी।

वर्ष 2017-18 के दौरान, बोर्ड ने चालू परियोजनाओं के अनुदान के रूप में दो संस्थानों को 5.3 लाख रुपए जारी किए हैं।

घ) विदेश में भारतीय मसाला ब्रैंडों को बढ़ावा

कार्यक्रम का उद्देश्य गुणवत्तायुक्त भारतीय मसालों के ब्रैंडों की स्थिति को पहचानने के उपायों की एक श्रृंखला के माध्यम से विदेशी बाजारों में पहचाने जाने योग्य भारतीय ब्रैंडों के प्रवेश में सहायता करना है, जो पहचान और खाद्य सुरक्षा के स्पष्ट निशान के साथ विदेशी उपभोक्ताओं की पहुंच के भीतर हों। इस कार्यक्रम के

अंतर्गत, अपने ब्रैंड को पंजीकृत कराने वाले निर्यातकों को प्रति ब्रैंड 100 लाख रुपए तक ब्याज मुक्त ऋण के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। परियोजना के अंतर्गत और विदेशों के चुने गए शहरों के चिह्नित दूकानों में निर्दिष्ट ब्रैंडों को सुलभ करने के उद्देश्य से, स्लॉटिंग/लिस्टिंग शुल्क और प्रचार व्यय का 100 प्रतिशत और उत्पाद विकास की लागत का 50 प्रतिशत देने पर विचार किया जाएगा।

ङ) बोर्ड द्वारा बाजार अध्ययन

बोर्ड भारतीय मसालों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए प्रतिस्पर्धियों को पहचानने और उपयुक्त तंत्रों को विकसित करने के लिए भारतीय मसालों के लिए पेशेवर एजेंसियों के माध्यम से बाजार अध्ययन कराने का प्रस्ताव रखता है। इसके अलावा, उचित मूल्य निर्धारण, प्रचार और विपणन तंत्र तैयार करने के लिए अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं का गहराई से अध्ययन किया जाना है। बोर्ड द्वारा कराये जाने वाले बाजार सर्वेक्षण से भारतीय मसालों की ताकत, कमजोरी, खतरों और अवसरों को जानने में मदद मिलेगी। अध्ययन विशेष रूप से छोटे पैमाने पर निर्यातकों और नए प्रवेशकों के लिए महत्वपूर्ण है जिन्हें बाजार की बदलती स्थितियों और उनके निर्यात के कुशल संचालन के लिए अन्य नियमों के बारे में उचित सलाह दी जानी चाहिए। इस अध्ययन के आधार पर, निर्यातक ब्रैंड प्रचार प्रयासों का अनुसरण कर सकते हैं। बोर्ड बाजार अध्ययन के लिए पेशेवर एजेंसी के साथ एक समझौता निष्पादित करेगा और परियोजना प्रस्ताव के आधार पर 100 प्रतिशत सहायत प्रदान करेगा।

स्पाइसेस बोर्ड ने, वर्ष 2017-18 के दौरान मसालों के निर्यात संवर्धन पर अध्ययन करने और भारतीय मसालों के निर्यात हिस्से को बढ़ाने के लिए अल्पकालिक और दीर्घकालिक तंत्रों का सुझाव देने का कार्य भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी), नई दिल्ली को सौंपा है। अध्ययन प्रगति पर है और बोर्ड ने अध्ययन के लिए पहली किस्त के रूप में 8.1 लाख रुपए जारी किए है।

च) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेलों/प्रदर्शनियों बैठकों और प्रशिक्षण में भागीदारी

बोर्ड भारतीय निर्यातकों और विदेशी आयातकों के बीच की एक अंतरराष्ट्रीय कड़ी है। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में भारतीय मसालों के प्रचार और निर्यातकों को अवसर प्रदान करने के लिए अपनी पहलुओं के हिस्से के रूप में तथा अंतर्राष्ट्रीय खरीददारों के समक्ष भारतीय मसालों की क्षमताओं को प्रदर्शित करने के लिए बोर्ड अंतर्राष्ट्रीय मेलों, प्रदर्शनियों आदि में नियमित रूप से भाग ले रहा है। बोर्ड भारतीय व्यंजनों को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख रेस्तरां और खाद्य श्रृंखलाओं के सहयोग से मसालों के उपयोग और अनुप्रयोगों को लोकप्रिय बनाने के लिए चुनिंदा प्रदर्शनी, खाद्य त्योहारों आदि में खाना पकाने के प्रदर्शन की भी व्यवस्था करता है। इसके अलावा, बोर्ड वार्षिक बैठकों, आईपीसी सम्मेलनों, कोडेक्स समितियों आदि में भाग लेता है। वर्ष 2017-18 के दौरान, बोर्ड ने 348.8 लाख रुपए के कुल व्यय पर 17 अंतर्राष्ट्रीय मेलों और प्रदर्शनियों में भाग लिया है।

बोर्ड नियातकों को व्यापार उत्पन्न/विकसित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मेलों/प्रदर्शनियों में भाग लेने के लिए भी प्रोत्साहित करता है। बोर्ड के सभी पंजीकृत निर्यातक आवश्यक दस्तावेजों को प्रस्तुत करने पर अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेलों/प्रदर्शनियों में भागीदारी के लिए प्रतिपूर्ति के आधार पर सहायता-अनुदान के लिए पात्र हैं। वर्ष 2017-18 के दौरान, कुल चार निर्यातकों ने अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेलों, प्रदर्शनियों आदि में भागीदारी के लिए 1.6 लाख रुपए के कुल व्यय की सहायता प्राप्त की।

इ) विपणन और सहायक सेवाएं

क) विपणन सेवाएं

स्पाइसेस बोर्ड भारत से मसालों और मसाला उत्पादों के निर्यात और इलायची के घरेलू विपणन को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रमों की एक श्रृंखला को कार्यान्वित कर रहा है। मसाला उत्पादन, विपणन, प्रसंस्करण, गुणवत्ता

सुधार इत्यादि के दौरान अपनी विभिन्न समस्याओं को हल करने के लिए बोर्ड दैनिक आधार पर पणधरियों की सहायता करता है और निर्यातकों, किसानों और राज्य सरकारों को सलाह और तकनीकी सहायता प्रदान करता है।

(i) पंजीकरण और लाइसेंसिंग

लाइसेंसिंग और पंजीकरण बोर्ड के नियामक कार्यों का एक हिस्सा है। बोर्ड मसालों के निर्यातकों (सीआरएस) को पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी करता है और इलायची (छोटी और बडी) में व्यापार के लिए नीलामी और डीलर लाइसेंस भी जारी करता है। वर्ष 2017-18 के दौरान, स्पाइसेस बोर्ड ने 808 मसाला निर्यातक (सीआरएस) पंजीकरण प्रमाण पत्र और 109 इलायची ब्यौहारी लाइसेंस जारी किए हैं।

(ii) ब्रैंड नाम का पंजीकरण

कार्यक्रम का उद्देश्य ब्रैंड नाम का पंजीकरण कर भारतीय ब्रैंड नामों के अंतर्गत उपभोक्ता पैक में मसालों/मसाला उत्पादों के निर्यात का समर्थन करना और ब्रैंडकृत उपभोक्ता पैक के तेजी से बढ़ते बाजार में बाजार हिस्सेदारी हासिल करना है। बोर्ड ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पैकेजिंग के परामर्श से विभिन्न मसालों के लिए विभिन्न यूनिट वजन के लिए पैकिंग मानकों को निर्दिष्ट किया है और निर्यातकों को तीन वर्ष की अवधि के लिए पंजीकरण प्रदान किया जाता है।

(iii) इलायची के लिए नीलामी

वर्ष 2017-18 के दौरान, बोर्ड ने केरल के इडुक्की जिले में मसाला पार्क, पुट्टडी और तमिलनाडु में बोडिनायकन्नूर में इलायची (छोटी) की ई-नीलामी के संचालन की सुविधा जारी रखी। कर्नाटक और महाराष्ट्र जैसे अन्य राज्यों में इलायची (छोटी) और सिक्किम के सिंगताम और पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले में बड़ी इलायची के लिए मैन्युअल नीलामी आयोजित की गई।

(iv) मसालों के सीमा शुल्क नमूनों का परीक्षण

वर्ष 2017-18 के दौरान, बोर्ड ने सीमा शुल्क विभाग से प्राप्त मसालों के आयात माल के नमूने का परीक्षण किया है और कोच्ची बंदरगाह के माध्यम से श्री लंका, वियतनाम, इंडोनेशिया और इक्वाडोर से 1675 मीट्रिक टन कालीमिर्च के आयात के संबंध में परीक्षण रिपोर्ट जारी की गई थी। अग्रिम प्राधिकरण योजना के अंतर्गत तेल और तैलीराल के निष्कर्षण के लिए तैलीराल / पिपेरिन सामग्री का परीक्षण करने के बाद, आयात के संबंध में परिणाम जारी किए गए थे।

(v) मसालों का जीआई पंजीकरण

स्पाइसेस बोर्ड ने मलबार मिर्च, आलप्पी हरी इलायची, कूर्ग हरी इलायची, गुंटूर सन्नम मिर्च और ब्यादगी मिर्च के लिए जीआई पंजीकरण प्राप्त किया है। बोर्ड जीआई पंजीकृत मसालों को अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में लोकप्रिय बना रहा है।

(vi) सिग्नेचर स्टॉल

मसालों को प्रदर्शित करने के लिए कोच्ची के लुलु मॉल में बोर्ड द्वारा एक सिग्नेचर स्टोल, स्पाइस इंडिया स्थापित किया गया है। इस स्टॉल की स्थापना मसालों और मसालों के उत्पादों की बिक्री के अलावा ऐतिहासिक पहलुओं, अपरंपरागत अनुप्रयोगों, उद्यमिता मार्ग आदि तत्वों के मिश्रण को प्रदर्शित कर भारतीय मसालों के लिए एक ब्रैंड छवि बनाने के पूर्ण उद्देश्य के साथ की गई है।

सिग्नेचर स्टॉल संचालित करने का काम, स्पाइसेस बोर्ड द्वारा प्रचारित एक कंपनी, फ्लेवरिट स्पाइस ट्रेडिंग लिमिटेड (एफएसटीएल को सौंपा गया है। एफएसटीएल बाजार बलों के साथ जमीनी स्तर पर काम करने वाले लोगों के प्रयासों को सुव्यवस्थित करती है और आर्थिक और सामाजिक समावेश लाने के लिए उत्पादकों, सामूहिक और विकास उद्यमों की सहायता करती है।

ख) क्रेता-विक्रेता बैठक (बीएसएम)

स्पाइसेस बोर्ड प्रमुख मसाला उत्पादक क्षेत्रों में क्रेता-विक्रेता बैठके (बीएसएम) आयोजित कर रहा है ताकि मसाला उत्पादकों और निर्यातकों के बीच प्रत्यक्ष बाजार संबंध स्थापित करने के लिए एक मंच प्रदान किया जा सके। बीएसएम उत्पादकों और निर्यातकों दोनों को लाभकर स्थिति प्रदान करता है, जहां उत्पादकों को उनके उत्पादन के लिए लाभकारी मूल्य के साथ बाजार मिलता है, जबकि निर्यातकों को दीर्घकालिक पिछड़े संबंधों और गुणवत्ता वाले मसालों की प्रतिस्पर्धी सोर्सिंग के मामले में लाभ होता है। वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान, बोर्ड ने देश भर में आठ बीएसएम आयोजित किए, जिनका विवरण नीचे की तालिका में दिया गया है:-

क्रम सं	स्थान	तारीख
1	इटानगर, अरुणाचल प्रदेश	26 अप्रैल, 2017
2	कोटा, राजस्थान	5 मई, 2017
3	हैदराबाद, तेलंगाना	8 जून, 2017
4	विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश	18 सितंबर, 2017
5	उंझा, गुजरात	13 अक्तूबर, 2017
6	हुबली, कर्नाटक	7 दिसंबर, 2017
7	मुंबई, महाराष्ट्र	7 जनवरी, 2018
8	गुवाहटी, असम	22 फरवरी, 2018

पूरे देश में मसाला उद्योग के पणधारियों ने इसमें काफी रुचि दिखाई है और बीएसएम में सक्रिय रूप से भाग लिया है, ताकि बाजार संबंध बनाने के लिए मंच का सबसे अच्छा उपयोग किया जा सके। लगभग 1800 किसान/किसान समूहों और 2750 मसाला निर्यातकों ने बीएसएम में सक्रिय रूप से भाग लिया था। वर्ष 2017-18 के दौरान, बीएसएम आयोजित करने का कुल व्यय 50 लाख रुपए था।

ग) व्यापार सूचना सेवा

व्यापार सूचना सेवा निर्यात, आयात, क्षेत्र, उत्पादन, इलायची की नीलामी और मसालों की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय कीमतों से संबंधित आंकड़ों का संग्रह, संकलन, विश्लेषण और प्रसार करती है।

सीमा शुल्क प्राधिकरणों द्वारा ज़ारी निर्यात की दैनिक सूची (डीएलई) भारत से मसालों के मासिक अनुमानित निर्यात का संकलन करने के लिए सूचना का प्रमुख स्रोत है। इसी तरह, सीमा शुल्क द्वारा जारी की गई दैनिक आयात सूची (डीएलआई) भारत में मसालों के मासिक आयात का अनुमान लगाने का स्रोत है। बोर्ड मसालों के निर्यात और आयात विवरण को अपने पणधारियों और मंत्रालय/विभागों को नियमित आधार पर संकलित और प्रसारित कर रहा है। बोर्ड नियमित रूप से कोचीन, जेएनपीटी, चेन्नई, तूतिकोरिन, मुंद्रा, कोलकाता, पेट्रोपोल, मोहाधिपुर, रक्सौल, अमृतसर इत्यादि सभी प्रमुख बंदरगाहों से डीएलई और डीएलआई दोनों एकत्रित कर रहा है। इसके अलावा बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से भी जानकारी एकत्र की जाती है।

स्पाइसेस बोर्ड वेबसाइटों और प्रकाशनों के माध्यम से अंतिम उपयोगकर्ताओं को नियमित आधार पर भारत और विदेशों के प्रमुख बाजारों के लिए मसालों की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय कीमतों का संकलन और प्रसार कर रहा है। भारत का कालीमिर्च और मसाला व्यापार संगठन, कृषि उत्पादन विपणन समितियां, व्यापारियों का संघ, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार केंद्र, जनेवा, अंतर्राष्ट्रीय कालीमिर्च समुदाय, इंडोनेशिया, एए साइया और कंपनी, यूएसए आदि मूल्य विवरण एकत्र करने की प्रमुख स्रोत एजेंसियां हैं। ये सभी जानकारियां बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालयों और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों की सदस्यता के माध्यम से एकत्र की जाती हैं।

स्पाइसेस बोर्ड इलायची (छोटी और बडी) के विकास के लिए ज़िम्मेदार है और बोर्ड के कार्यालय नेटवर्क द्वारा आयोजित क्षेत्र नमूना अध्ययन के आदानों का उपयोग करके, बोर्ड के व्यापार सूचना सेवा प्रभाग द्वारा इन मसालों के क्षेत्र, उत्पादन

और उत्पादकता का अनुमान किया जाता है। अन्य मसालों के क्षेत्र और उत्पादन के आंकड़े राज्य अर्थशास्त्र और सांख्यिकी/कृषि/बागवानी विभाग/डीएएसडी से संकलन के लिए एकत्र किए जाते हैं। बोर्ड के प्रकाशनों के साथ-साथ बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से पणधारियों और नीति निर्माताओं को अन्य मसालों के क्षेत्र और उत्पादन पर जानकारी प्रसारित की गई है।

स्पाइसेस बोर्ड (निर्यातकों के पंजीकरण) विनियमों के अनुसार, मसालों के सभी पंजीकृत निर्यातकों को अपना तिमाही निर्यात रिटर्न बोर्ड को जमा करना होता है। वर्ष 2014-17 की खण्ड अवधि के दौरान, लगभग 6150 निर्यातकों को बोर्ड के साथ पंजीकृत किया गया था और व्यापार सूचना सेवा ने इन निर्यातकों के त्रैमासिक निर्यात रिटर्न को संकलित किया है तथा मसालों के लिए निर्यातक वार डेटाबेस बनाए रखता है। यह बोर्ड को वेबसाइट के माध्यम से प्रत्येक मसाले के प्रमुख निर्यातकों के ब्यौरे को संकलित और प्रकाशित करने में सक्षम करता है।

स्पाइसेस बोर्ड, तमिलनाडु में बोडिनायकन्नूर और केरल के पुट्टडी में बोर्ड द्वारा विकसित ई-नीलामी केंद्रों में छोटी इलायची के व्यापार के लिए ई-नीलामी आयोजित करना है। दैनिक नीलामी मात्रा और इलायची की कीमत पर विवरण वेबसाइट के माध्यम से दैनिक आधार पर संकलित और प्रसारित किए जाते हैं और नीलामी बिक्री पर समेकित विवरण और औसत मूल्य को बोर्ड के प्रकाशनों के माध्यम से संकलित और प्रसारित किया जाता है।

उद्योग के पणधारियों के लाभ के लिए प्रमुख विदेशी बाजारों सहित विभिन्न बाजार केंद्रों में मसालों की कीमत संबंधी जानकारी, साप्ताहिक आधार पर ऑनलाइन पर 'स्पाइसेस-मार्केट' और मासिक आधार पर 'स्पाइस इंडिया' के माध्यम से एकत्रित, संकलित और प्रकाशित की जाती है।

व्यापार सूचना सेवा के अंतर्गत वर्ष 2017-18 के दौरान 0.2 लाख रुपए व्यय किए गए हैं।

(i) मसालों के क्षेत्रफ़ल और उत्पादन

वर्ष 2016-17 की तुलना में, 2017-18 के लिए छोटी व बडी इलायची का क्षेत्रफ़ल, उत्पादन और उत्पादकता तालिका-I और तालिका-II में दी गई है। वर्ष 2015-16 की तुलना में, 2016-17 के लिए अन्य मसालों के क्षेत्रफ़ल और उत्पादन तालिका-III में दिए गए हैं।

तालिका-I

इलायची (छोटी) का राज्यवार क्षेत्र व उत्पादन

(क्षेत्र हेक्टयर में, उत्पादन मे.ट.में, उत्पादकता कि.ग्रा./हे.में)

राज्य	2017-18				2016-17			
	कुल क्षेत्र	उपजवाला क्षेत्र	उत्पादन	औसतन उत्पादकता	कुल क्षेत्र	उपजवाला क्षेत्र	उत्पादन	औसतन उत्पादकता
केरल	39080	31577	18350	581	39080	31148	15650	502
कर्नाटक	25135	17628	1450	82	25117	17808	1449	81
तमिलनाडु	5115	3565	850	238	5160	3616	891	246
कुल	69330	52770	20650	391	69357	52572	17990	342

स्रोतः नमूना अध्ययन के आधार पर अनुमान।

तालिका-II
इलायची (बड़ी) का राज्यवार क्षेत्र व उत्पादन

(क्षेत्र हेक्टयर में, उत्पादन मे.ट.में, उत्पादकता कि.ग्रा./हे.में)

राज्य	2017-18				2016-17			
	कुल क्षेत्र	उपजवाला क्षेत्र	उत्पादन	औसतन उत्पादकता	कुल क्षेत्र	उपजवाला क्षेत्र	उत्पादन	औसतन उत्पादकता
सिक्किम	23312	18232	4860	266.67	23312	18137	4633	256
पश्चिम बंगाल	3305	3159	1045	330.48	3305	3129	939	300
कुल	26617	21391	5905	276.10	26617	21266	5572	263

स्रोतः नमूना अध्ययन के आधार पर अनुमान।

तालिका-III
प्रमुख मसालों का क्षेत्र व उत्पादन

(क्षेत्र हेक्टयर में उत्पादन टनों में)

मसाला	2016-17(अ)		2015-16	
	क्षेत्र	उत्पादन	क्षेत्र	उत्पादन
कालीमिर्च	131230	57000	131790	48500
मिर्च	830770	1872010	742950	1497440
अदरक	164850	1081430	156910	1025110
हल्दी	193395	1051160	183480	967060
लहसुन	274550	1271220	295600	1603500
धनिया	662345	609350	624780	572990
जीरा	760130	485480	808230	503260
बड़ी सौंक	74660	124610	76000	129350
मेथी	218430	220160	227960	248350

स्रोतः राज्य आर्थिकी व सांख्यिकी निदेशालय/कृषि/बागवानी विभाग,
सुपारी व मसाले विकास निदेशालय, कोषिक्कोड
(अ) अनंतिम

(ii) इलायची (छोटी) की नीलाम बिक्री और कीमतें

वर्ष 2017-18 (अगस्त 2017-जुलाई 2018) और वर्ष 2016-17 (अगस्त 2016-जुलाई 2017) केलिए इलायची (छोटी) की राज्यवार नीलामी बिक्री और भारित औसत कीमतें तालिका IV में दी गई हैं।

तालिका-IV

इलायची (छोटी) की नीलाम बिक्री और मूल्य

(मात्राः टनों में, मूल्यः रु./कि.ग्रा.)

राज्य	2017-18 (अगस्त-जुलाई)(अ)		2016-17 (अगस्त-जुलाई)	
	नीलामित मात्रा	भारित औसत नीलामित मूल्य	नीलामित मात्रा	भारित औसत नीलामित मूल्य
केरल और तमिलनाडु (इ-नीलम)	27860	955.70	19777	1088.89
कर्नाटक	14	845.29	46	777.71
महाराष्ट्र	65	1033.82	37	1268.41
कुल	27939	955.82	19860	1088.50

(अ) अनंतिम

स्रोतः लाइसेंस धारी नीलमकर्ताओं से प्राप्त रिपोर्टें

(iii) इलायची (बड़ी) की कीमतें

वर्ष 2017-18 और वर्ष 2016-17 केलिए गांतोक और सिलिगुडी बाज़ारों में इलायची (बडी) औसत थोक कीमतें तालिक की राज्यवार नीलामी बिक्री और भारित औसत कीमतें तालिका-V में दी गई हैं।

तालिका-V

इलायची (बडी) की औसत थोक कीमतें

(मूल्य : रु./कि.ग्रा.)

केंद्र	ग्रेड	2017-18	2016-17
गान्तोक	बड़ादाना	599.70	973.94
सिलीगुडी	बड़ादाना	763.44	1079.82

(iv) अन्य प्रमुख मसालों की कीमतें

मुख्य विपणि केन्द्रों में प्रमुख मसालों की औसत कीमतें तालिका-VI में दी जाती हैं। इन कीमतों को गौण स्रोतों, जैसेकि चेंबर ऑफ़ कॉमर्स, इंडियन पेप्पर एंड स्पाइस ट्रेड एसोसिएशन (आई पी एस टी ए), मर्चेंट्स एसोसिएशन द्वारा तैयार की गई बाज़ार समीक्षाओं से एकत्रित किया गया है।

तालिका-VI

मुख्य विपणि केन्द्रों में प्रमुख मसालों की कीमत (मूल्यः रु./कि.ग्रा.में)

(मूल्य : रु./कि.ग्रा.)

मसाला	विपणि	2016-17	2017-18
कालीमिर्च (एम जी-1)	कोचीन	694.77	473.73
मिर्च	गुंटूर	97.68	56.39
अदरक	कोचीन	160.33	129.72
हल्दी	चेन्नई	120.87	118.60
धनिया	चेन्नई	85.03	73.32
जीरा	चेन्नई	190.76	199.88
बड़ी सौंफ़	चेन्नई	107.70	94.19
मेथी	चेन्नई	53.16	42.06
लहसुन	चेन्नई	91.08	44.74
खसखस बीज	चेन्नई	365.70	466.58
अजोवन बीज	चेन्नई	191.96	99.46
सरसो	चेन्नई	52.51	54.95
इमली	चेन्नई	111.01	131.42
केसर	दिल्ली	185479.00	143146.00
लौंग	कोचीन	749.20	671.10
जायफ़ल (बिना छिलके के)	कोचीन	399.98	329.63
जावित्री (मेस)	कोचीन	484.48	441.09

(v) भारत से मसालों का निर्यात निष्पादन

वर्ष 2017-18 के दौरान भी भारतीय मसालों के निर्यात बढते रुख को जारी रखने में सक्षम रहा हैं। इस अवधि के दौरान, भारत से 17929.55 करोड़ (2781.46 दशलक्ष अमेरिकी डॉलर) मूल्य के 10,28,060 टन मसाले और मसाला उत्पादों का कुल निर्यात हुआ है, जबकि वर्ष 2016-17 के दौरान 17664.61 करोड़ (2633.29 दशलक्ष अमरीकी डॉलर) मूल्य के 9,47,790 टन मसाले का कुल निर्यात रिकॉर्ड किया गया था। इस प्रकार मात्रा में आठ प्रतिशत और मूल्य में रुपए के हिसाब से एक प्रतिशत और डॉलर के हिसाब से छह प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

वर्ष 2017-18 में, मसालों का कुल निर्यात मात्रा और मूल्य दोनों के संदर्भ में लक्ष्य से अधिक हुआ है। मात्रा में 10,23,000 टन और 17665.10 करोड़ रुपए (2636.58 दशलक्ष अमेरिकी डॉलर) के मसालों के निर्यात का लक्ष्य था और मात्रा के मामले में 100 प्रतिशत और मूल्य के तौर पर रुपए में 101 प्रतिशत और डॉलर में 105 प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त की गई।

वर्ष 2017-18 के दौरान, इलायची (छोटी), जीरा, लहसुन, अजोवन बीज, सरसों, सोआ बीज इत्यादि अन्य बीजों का निर्यात और करी पाउडर/पेस्ट, मसाले के तेल और तैलीराल जैसे मुल्यवर्धित उत्पादों में वर्ष 2016-17 की तुलना में मात्रा और मूल्य दोनों में वृद्धि दर्शाई है। मिर्च, धनिया, अजोवन और जायफल और जावित्री (मेस) के निर्यात में केवल मात्रा के मामले में वृद्धि दर्शाई है, जबकि पुदीने के उत्पादों के निर्यात में केवल मूल्य के संदर्भ में वृद्धि दर्शाई है।

जहां तक अलग-अलग मसालों का सवाल है, पिछले वर्ष के 421.50 करोड़ रुपए के 3,850 टन की तुलना में कुल मिलाकर 5,680 टन इलायची (छोटी) का निर्यात किया गया है जिसकी कीमत 609.08 करोड़ रुपए है, इसने मात्रा में 48 प्रतिशत और मूल्य में 45 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। यह देश से इलायची (छोटी) के निर्यात के इतिहास में एक सर्वकालिक रिकार्ड है। पिछले वर्ष के 1963.20 करोड़ रुपए के 1,19,000 टन के मुकाबले वर्ष 2017-18 के दौरान, मात्रा में 21 प्रतिशत और 23 प्रतिशत मूल्य वृद्धि दर्ज करते हुए 2418 करोड़ रुपए के कुल 1,43,670 टन जीरे का निर्यात किया गया था। वर्ष 2016-17 के 307.12 करोड़ रुपए मूल्य के 32,200 टन के मुकाबले वर्ष 2017-18 के दौरान मात्रा में 46 प्रतिशत और मूल्य में एक प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 309.36 करोड़ रुपए मूल्य पर 46,980 टन लहसुन का निर्यात हुआ था।

मूल्यवर्धित उत्पादों के मामले में, पिछले वर्ष के 599.10 करोड़ रुपए के 28,500 टन के मुकाबले 2017-18 में करी पाउडर/पेस्ट का निर्यात 30,150 टन हुआ जिसका मूल्य 616.20 करोड़ रुपए था, जिसने मात्रा में छह प्रतिशत और मूल्य में तीन प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। इसके अलावा, पिछले वर्ष के 2307.75 करोड़ रुपए मूल्य के 12,100 टन के मुकाबले वर्ष 2017-18 में 2661.72 करोड़ रुपए मूल्य के 17,200 टन मसाले के तेल और तैलीराल का कुल निर्यात हुआ, इसने मात्रा में 42 प्रतिशत की वृद्धि और मूल्य में 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।

वर्ष 2016-17 की तुलना में वर्ष 2017-18 के दौरान भारत से मसालों का मदवार अनुमानित निर्यात और 2017-18 के लिए प्रस्तावित लक्ष्य के साथ, लक्ष्य की प्रतिशत-लब्धि का विवरण क्रमशः तालिका VII और तालिका VIII में दिया गया हैः

तालिका-VII

वर्ष 2016-17 की तुलना में वर्ष 2017-18 के दौरान भारत से मसालों का निर्यात

मद	2017-18(*)		2016-17		2017-18 में प्रतिशत परिवर्तन	
	मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य		
	(टन)	(लाख रुपए में)	(टन)	(लाख रुपए में)	मात्रा	मूल्य
कालीमिर्च	16,840	82,078.00	17,600	114,312.50	-4%	-28%
इलायची(छोटी)	5,680	60,908.50	3,850	42,150.00	48%	45%
इलायची (बड़ी)	760	5,646.00	780	8,265.50	-3%	-32%
मिर्च	443,900	425,633.00	400,250	507,075.00	11%	-16%
अदरक	22,605	21,606.55	24,950	25,705.00	-9%	-16%
हल्दी	107,300	103,567.00	116,500	124,189.00	-8%	-17%
धनिया	35,185	27,274.70	30.300	29,207.50	16%	-7%
जीरा	143,670	241,799.50	119,000	196,320.00	21%	23%
सेलरी	6,480	5,950.40	6,250	6,246.00	4%	-5%
बड़ी सौंफ	34.550	25,906.50	35,150	30,875.50	-2%	-16%
मेथी	29,280	12,688.90	34,680	18,276.50	-16%	-31%
अन्य बीज(1)	22,175	16,045.80	18.100	15,455.00	23%	4%
लहसुन	46,980	30,936.00	32,200	30,711.50	46%	1%
जायफल & (जावित्री)मेस	5,500	22,094.30	5,070	23,641.65	8%	-7%
अन्य मसाले(2)	38,305	60,192.75	40,210	50,595.00	-5%	19%
करी पाउडर/ पेस्ट	30,150	61,619.50	28,500	59,910.00	6%	3%
पुदीना उत्पाद(3)	21,500	322,835.50	22,300	252,750.00	-4%	28%
मसाला तेल व तैलीराल	17.200	266,172.40	12,100	230,775.00	42%	15%
कुल	1,028,060	1,792,955.30	947,790	1,766,460.65	8%	1%
मूल्य दशलक्ष यूएस डॉलरों में		2781.46		2,633.29		6%

(1) में सरसों, सौंफ, अजोवन बीज, सोआ बीज, खसखस बीज आदि शामिल हैं।

(2) में इमली, हींग, कैसिया, केसर आदि शामिल हैं।

(3) में पुदीना तेल, मेंथॉळ और मेंथॉळ क्रिस्टल शामिल हैं।

स्रोतः सीमा शुल्क से प्राप्त डी एल ई, प्रादेशिक कार्यालयों की रिपोर्ट, पिछले वर्ष के निर्यात रुख आदि पर आधारित अनुमान।

(*) अनुमान

तालिका-VIII

लक्ष्य की तुलना में वर्ष 2017-18 के दौरान भारत से मसालों का निर्यात

मद	2017-18 केलिए लक्ष्य		2017-18 केलिए उपलब्धि		2017-18 की प्रतिशत प्राप्ति	
	मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य		
	(टन)	(लाख रुपए में)	(टन)	(लाख रुपए में)	मात्रा	मूल्य
कालीमिर्च	23,000	140,300.00	16,840	82,078.00	73%	59%
इलायची(छोटी)	5,000	55,000.00	5,680	60,908.50	114%	111%
इलायची (बड़ी)	700	6,475.00	760	5,646.00	109%	87%
मिर्च	440,000	418,000.00	443,900	425,633.00	101%	102%
अदरक	30,000	33,000.00	22,605	21,606.55	75%	65%
हल्दी	120,000	114,000.00	107,300	103,567.00	89%	91%
धनिया	30,000	24,000.00	35,185	27,274.70	117%	114%
जीरा	140,000	238,000.00	143,670	241,799.50	103%	102%
सेलरी	5,500	4,950.00	6,480	5,950.40	118%	120%
बड़ी सौंफ	35,000	28,000.00	34,550	25,906.50	99%	93%
मेथी	30,000	15,450.00	29,280	12,688.90	98%	82%
अन्य बीज(1)	20,000	18,000.00	22,175	16,045.80	111%	89%
लहसुन	32,000	22,400.00	46,980	30,936.00	147%	138%
जायफल & (जावित्री)मेस	4,750	22,657.50	5,500	22,094.30	116%	98%
अन्य मसाले(2)	44,050	68,277.50	38.305	60,192.75	87%	88%
करी पाउडर/ पेस्ट	28,000	63,000.00	30,150	60,192.75	108%	98%
पुदीना उत्पाद(3)	22,000	280,500.00	21,500	322,835.50	98%	115%
मसाला तेल व तैलीराल	13,000	214,500.00	17,200	266,172.40	132%	124%
कुल	1,023,000	1,766,510.00	1,028,060	1,792,955.30	100%	101%
मूल्य दशलक्ष यूएस डॉलरों में		2636.58		2781.46		105%

(1) में सरसों, सौंफ, अजोवन बीज, सोआ बीज, खसखस बीज आदि शामिल हैं।

(2) में इमली, हींग, कैसिया, केसर आदि शामिल हैं।

(3) में पुदीना तेल, मेंथॉळ और मेंथॉळ क्रिस्टल शामिल हैं।

स्रोतः सीमा शुल्क से प्राप्त डी एल ई, प्रादेशिक कार्यालयों की रिपोर्ट, पिछले वर्ष के निर्यात-रुख आदि पर आधारित अनुमान।

घ) अन्य पहलें

बोर्ड ने अन्य स्रोतों से भारत में कालीमिर्च के सस्ते आयात को रोकने के उद्देश्य से मिर्च (500 रुपए प्रति किलो) के लिए न्यूनतम आयात मूल्य (एमआईपी) प्रस्तावित किया। एमआईपी को डीजीएफटी द्वारा अधिसूचित किया गया था और इससे घरेलू बाजारों में कालीमिर्च की कीमतों में और गिरावट को रोकने में मदद मिली है, हालांकि अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में कीमतों में भारी गिरावट आई है।

6. प्रचार एवं संवर्धन

भारतीय मसाले बिरादरी की प्रतिष्ठा और सद्भावना को बढ़ाने के लिए एक अच्छे प्रचार तंत्र तैयार करना महत्वपूर्ण है। वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान, बोर्ड ने दुनिया भर में भारतीय मसालों के प्रचार और ब्रैंडिंग के लिए गतिविधियां जारी रखीं। इन तंत्रों को भारतीय मसालों, मसाला उद्योग और बोर्ड की गतिविधियों को प्रचारित और बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया था।

वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान स्थापित अंतरराष्ट्रीय और घरेलू मेलों में प्रेस विज्ञप्ति, विज्ञापन अभियान, ऑनलाइन प्रचार अभियान, पत्रिकाओं के मुद्रण और प्रकाशन, ब्रोशर इत्यादि के माध्यम से सार्वजनिक संबंधों और मसालों पर वीडियो स्पॉट प्रदर्शित करने में भागीदारी प्रमुख सुर्खियां रहीं।

बहु-विषयक प्रचार गतिविधियों ने बोर्ड और मसाला उद्योग को समर्थन दिया है, जो राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय मसालों की मांग को बढ़ावा देता है।

अ) अंतर्राष्ट्रीय मेलों में भागीदारी

बोर्ड भारतीय निर्यातकों और विदेशों में आयातकों के बीच की एक अंतरराष्ट्रीय कड़ी है। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में भारतीय मसालों के प्रचार के लिए अपनी पहल के हिस्से के रूप में, स्पाइसेस बोर्ड प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेलों में भाग लेता है। अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी में भागीदारी भारतीय मसाला निर्यातकों को मौजूदा मसाला आयातकों के साथ व्यापार संबंधों के लिए बातचीत और निर्माण करने के लिए लागत प्रभावी अवसर बनाने में सहायता करती है, जिससे भारतीय मसाला उद्योग के व्यापार क्षितिज का विस्तार होता है। यह उपभोक्ता व्यवहार और खाद्य आदतों, खुदरा और थोक बाजार आवश्यकताओं, खाद्य सुरक्षा और आयात करने वाले देशों के सुरक्षा संबंधी मानदंडों के विभिन्न पहलुओं को समझने में भी बोर्ड की मदद करता है।

मौजूदा बाजारों में बाजार हिस्सेदारी को मजबूत और विस्तारित करने के अलावा, संभावित बाजार क्षेत्रों का दोहन करने के लिए भागीदारी हेतु अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों का चयन किया गया था। बोर्ड ने प्रमुख प्रदर्शनों में मसालों के निर्यातकों को भागीदारी की सुविधा प्रदान की और बोर्ड के बैनर के अंतर्गत जहां भी संभव हो निर्यातकों को, उनकी स्वतंत्र प्रचार गतिविधि के लिए अलग-अलग क्यूबिकल्स/स्टॉल प्रदान किए गए। इन कार्यक्रमों में भागीदारी आयोजित करने के लिए बोर्ड के अधिकारियों ने दर्शकों के साथ संवाद और बातचीत की और आगे मसाला निर्यातकों को प्रसारित करने के लिए व्यापारिक पूछताछ और अनुवर्ती जानकारी एकत्रित की।

क्रम सं.	मेले का नाम	स्थान	तारीख
1	सम्मर फ़ैन्सी फ़ूड शो	न्यूयोर्क सिटी, यूएसए	25-26 जून, 2017
2	एच के टी डी सी फ़ूड एकस्पो	वान चाई, होंगकोंग	17-21 अगस्त, 2017
3	फ़ूड एग्रो अफ़्रीका 2017	दार-एस-सलाम, तानसानिया	22-24 अगस्त, 2017
4	फ़ूड इंग्रेडियंट्स, साउथ अमेरिका (एफ़ आई एस ए)	सावो पोलो, ब्रज़ील	22-24 अगस्त, 2017
5	रीगा फ़ूड 2017	रीगा लात्विया	6-9 सितंबर, 2017
6	फ़ाइन फ़ूड आस्ट्रेलिया	सिडनी, आस्ट्रेलिया	11-14 सितंबर, 2017
7	वर्ल्ड फ़ूड मोस्को	मोस्को, रूस	11-14 सितंबर, 2017

8	एक्स्पो फ़्यूच्युरो कोलंबिया	रिसाराल्डा, कोलंबिया	13-15 सितंबर, 2017
9	वर्ल्ड फ़ूड कज़ाकस्तान	अलमाटी, कज़ाकस्तान	1-3 नवंबर, 2017
10	अनूगा	फ्रैंकफ़र्ट, जर्मनी	7-11 अक्तूबर, 2017
11	वर्ल्ड फ़ूड एक्स्पो साउथ कोरिया	गोयांग सी, साउथ कोरिया	30 नवंबर से 3 दिसंबर, 2017
12	एफ़ आई यूरोप	को लॉन, जर्मनी	28-30 नवंबर, 2017
13	सियाल मिडिल ईस्ट, यू ए ई	एड्नेक, यू ए ई	12-14 दिसंबर 2017
14	गल्फ़ फ़ूड मैनुफ़ैक्चरिंग	दुबई, यू ए ई	31 अक्तूबर से 2 नवंबर, 2017
15	जनद्रिया फ़ेस्टिवल	रियाद, साउदी अरब	7-24 फ़रवरी, 2018
16	बायोफ़ैक	न्यूरमबर्ग, जर्मनी	15-18 फ़रवरी, 2018
17	इंडिया शो चिली	सैंटियागो, चिली	01 मार्च, 2018

आ) घरेलू मेलों में भागीदारी

घरेलू मेले मसाला उद्योग के विभिन्न पणधारियों तक पहुंचने के लिए एक प्रभावी उपकरण माने जाते हैं। वित्तीय वर्ष के दौरान, स्पाइसेस बोर्ड ने प्रमुख मसाले के उत्पादन और विपणन केंद्रों में आयोजित महत्वपूर्ण घरेलू मेलों में भाग लिया। व्यापार मेले, बोर्ड को किसानों व्यापारियों, निर्यातकों, वैज्ञानिकों, व्यापार सहायता संस्थानों, अन्य निर्यात प्रचार एजेंसियों/संगठनों आदि से बातचीत करने के लिए एक मंच प्रदान करते हैं, जो मसाला क्षेत्र से संबंधित कार्यक्रमों, गतिविधियों और परियोजनाओं को समन्वयित करने में मदद करेंगे। वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान मेलों में भागीदारी ने भारतीय मसालों की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मांग दोनों का दोहन करने के अलावा, पैन इंडिया स्तर पर बोर्ड की गतिविधियों के बारे में जागरूकता पैदा करने में मदद की।

वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान, स्पाइसेस बोर्ड ने भारत भर में 37 घरेलू प्रदर्शनियों/व्यापार मेलों में भाग लिया।

क्रम सं.	मेले का नाम	तारीख	स्थान
1	वैब्रण्ट नोर्थ ईस्ट	4-6 मई 2017	गुवाहटी, असम
2	अक्वा अक्वेरिया इण्डिया 2017	14-16 मई 2017	नेहरु मैदान, मंगलुरू, कर्नाटक
3	ऐट्थ कृषि फ़ेयर 2017	15-19 मई, 2017	मुक्ताकाश रंगमंचा, पुरी ठाउण, उडीसा
4	मत्स्योत्सवम-2017	27-29 मई, 2017	केंटेंनमेंट मैदान, कोल्लम, केरल
5	फ़ूड एंड तकनोलजी एकस्पो 2017	14-16 जुलाई, 2017	प्रगति मैदान, नई दिल्ली
6	डेस्टिनेशन हिमाचल प्रदेश	12-14 सितंबर, 2017	पालंपुर, हिमाचल प्रदेश
7	अन्नपूर्णा	14-16 सितंबर, 2017	मुंबई, महाराष्ट्र

8	उपासी इंडस्ट्रियल एक्सिबिशन	13-14 सितंबर, 2017	कून्नूर, तमिलनाडु
9	फ़ॉर्थ वैब्रण्ट इंडिया	13-15 अक्तूबर, 2017	दिल्ली हाट, पीतम, नई, दिल्ली
10	वर्ल्ड फ़ूड इंडिया	3-5 नवंबर, 2017	दिल्ली
11	फ़ूड इंग्रेडियंट्स इंडिया	9-11 नवंबर, 2017	मुंबई
12	इंडिया इंटेरनेशनल ट्रेड फ़ेयर	14-27 नवंबर, 2017	दिल्ली
13	इलवेंथ इंडियन फ़िशरीस एंड अक्वाकल्चर फ़ोरम	21-24 नवंबर, 2017	कोच्ची, केरल
14	शांघाई फ़ेस्टिवल	21-22 नवंबर, 2017	मणिपुर
15	नाइन्थ ईस्ट हिमालयन एक्स्पो	14-20 दिसंबर, 2017	शिलांग, मेघालय
16	टेन्थ ओणाट्टुकरा एग्री फ़ेस्ट	19-23 दिसंबर, 2017	चारुम्मूड, केरल
17	ट्वंटिऐट्थ एग्रेक्स, 2017	22-28 दिसंबर, 2017	आलप्पुषा, केरल
18	वैगा 2018	25-27 दिसंबर, 2017	तृशूर, केरल
19	कोचीन फ़्लवर शो	29 दिसंबर 2017 से 7 जनवरी 2018 तक	डी एच रोड, एरणाकुलम, केरल
20	फ़िफ़्थ असम एग्री होर्टी शो	5-8 जनवरी 2018	डिब्रूगढ, असम
21	इंटेरनेशनल सिम्पोसियम सफ़ारी 2 2018 (सी एम एफ़ आर आई)	15-17 जनवरी 2018	कोच्ची, केरल
22	इंडस फ़ूड 2018	18-19 जनवरी 2018	दिल्ली
23	हल्दी फ़ेस्ट	19-20 जनवरी	कोषिक्कोड, केरल
24	ड्राई चिल्ली मेला	20-22 जनवरी 2018	हुब्बल्ली, कर्नाटक
25	ट्वंटिफ़र्स्ट इंडिया इंटेरनेशनल सीफ़ूड शो	27-28 जनवरी 2018	गोवा
26	विशन जम्मू व कश्मीर 2018	29-31 जनवरी 2018	उधमपुर, जम्मु व कश्मीर
27	युवा किसान महोत्सव 2018	2-5 फ़रवरी 2018	लखिमपुर, असम
28	डेस्टिनेशन गोवा	2-4 फ़रवरी 2018	गोवा
29	कर्षकश्री फ़ार्म फ़ेस्ट	7-11 फ़रवरी 2018	न्यूमान कोलेज ग्राउंड, तोडुपुषा, केरल
30	फ़िफ़्थ इंटेरनेशनल फ़ूड व पैक टेक एक्स्पो 2017	9-11 फ़रवरी 2018	लाभ गंगा एक्सिबिशन सेंटर, इंदौर, मध्य प्रदेश
31	फ़्लेवर व फ़ैग्रेन्सेस एक्स्पो 2018	16-17 फ़रवरी 2018	बोम्बे एक्सिबिशन सेंटर, मुंबई

32	सुपारी आधारित फसल प्रणाली के माध्यम से किसानों की आय दोगुनी करने पर इंटरफेस कार्यक्रम	19-20 फ़रवरी 2018	सी पी सी आर आई, कहिकुची, असम
33	सांगली फ़र्स्ट 2018	23-25 फ़रवरी 2018	सांगली, महाराष्ट्र
34	एमर्जिंग नोर्थ ईस्ट	4-6 मार्च, 2018	गुवाहटी, असम
35	एम एस एम ई फ़ूड एक्स्पो	9-10 मार्च 2018	चेन्नई
36	आहार 2018	13-17 मार्च 2018	प्रगति मैदान, नई दिल्ली
37	कृषि उन्नति मेला	16-19 मार्च 2018	पी यू एस ए, दिल्ली

इ) संवर्धनात्मक अभियान:

क) भारतीय मसालों पर विज्ञापन/वीडियो स्पॉटों की स्क्रीनिंग:

बोर्ड ने विभिन्न भारतीय मसालों के पाक और गैर-पाक पहलुओं को बढ़ावा देने और लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से भारतीय मसालों पर 15 वीडियो स्पॉट (60 सेकेंड) और दो विज्ञापन बनाए थे। वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान, स्पॉट्स को तीन चरणों में लगभग 400 सिनेमाघरों/ मल्टीप्लेक्स में प्रदर्शित किया गया था।

ख) ऑनलाइन संवर्धनात्मक अभियान:

स्पाइसेस बोर्ड ने ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर मसालों के लिए ऑनलाइन प्रचार अभियान चलाने के लिए इंडिया ब्रैंड इक्विटी फाउंडेशन (आईबीईएफ) के साथ सहयोग किया था। इसे ऑनलाइन दर्शकों को शिक्षित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, यह मसालों पर जागरूकता पैदा करता है जिसमें वानस्पतिक, भौगोलिक, व्यापार, चिकित्सीय और पाककला के पहलू शामिल हैं।

ग) पत्रिकाएं

(i) बोर्ड की मासिक पत्रिका स्पाइस इण्डिया, पांच भाषाओं-अंग्रेजी, हिंदी, मलयालम, कन्नड और तमिल में प्रकाशित की जाती है। अनुसूची के अनुसार त्रैमासिक अंकों को तेलुगू और नेपाली भाषाओं में भी जारी किया गया था।

(ii) फ़ोरिन ट्रेड एड्क्वयरीस बुलेटिन (एफटीईबी): मसालों के निर्यात को सुविधाजनक बनाने के लिए, विदेशी व्यापार मेलों, ई-मेल और बोर्ड के कार्यालयों से बोर्ड द्वारा सीधे एकत्रित व्यापारिक जानकारी आदि को एफटीईबी के रूप में समेकित और प्रकाशित किया गया।

घ) अन्य प्रकाशन:

उपर्युक्त प्रकाशनों के अतिरिक्त, वर्ष 2017-18 के दौरान निम्नलिखित ब्रोशर और प्रचार साहित्य मुद्रित किए गए थे:

- स्पाइसेस बोर्ड पर सामान्य विवरणिका (अंग्रेजी)।
- अंतरराष्ट्रीय मेलों के लिए विवरणिका
- पकाने की विधि पुस्तिका: उत्तर पूर्व के स्पाइस एस्केपेडस।

वर्ष 2017-18 के दौरान, इस योजना के अंतर्गत 258.4 लाख रुपए का कुल व्यय किया गया है।

7. कोडेक्स सेल और हस्तक्षेप

अ) मसालों और पाक शाकों पर कोडेक्स समिति (सीसीएससीएच)

वैश्विक खाद्य मानक- स्थापित करने वाले निकाय कोडेक्स एलिमेंटारियस कमीशन (सीएसी) ने वर्ष के दौरान 17-22 जुलाई, 2017 को जिनेवा में आयोजित 40वें सत्र में कालीमिर्च BWG, जीरा और थाइम के मानकों को अपनाया है। ये मसालों और शाकों के लिए पहले कोडेक्स मानक हैं और विश्व मसाला व्यापार के परिप्रेक्ष्य से एक बड़ी उपलब्धि है। इसके अलावा, 40वें सत्र में सीसीएससीएच द्वारा प्रस्तुत सूखे लहसुन, अदरक, मिर्च और पैप्रिका, तुलसी, केसर, लौंग और जायफल के लिए मानकों को प्रारूपित करने के लिए नए कार्य प्रस्तावों को सीएसी की मंजूरी मिली।

सीसीएससीएच के चेनै में संपन्न तीसरे सत्र ने इलेक्ट्रॉनिक वर्किंग ग्रूप (ईडब्ल्यूजी) द्वारा सूखे / निर्जलित अदरक, सूखी मिर्च और पैप्रिका, सूखी तुलसी, सूखे केसर, सूखी लौंग, ओरगेनो और सूखे जायफल के लिए प्रस्तावित मसौदा मानकों को विकसित करने का कार्य शुरू किया। बोर्ड के वैज्ञानिकों ने लहसुन, मिर्च और पैप्रिका के लिए कार्य की अध्यक्षता और केसर के लिए काम की सह-अध्यक्षता की और अदरक, तुलसी, लौंग, ओरगेनो और जायफल के लिए ईडब्ल्यूजी में सक्रिय सदस्यों के रूप में भाग लिया।

स्पाइसेस बोर्ड का कोडेक्स सेल, विभिन्न मसौदा मानकों की तैयारी में सक्रिय रूप से शामिल था जिसके लिए सीसीएससीएच3 के दौरान ईडब्ल्यूजी का गठन किया गया था। मानकों के मसौदे में भारतीय पणधारियों की सक्रिय भागीदारी और आदान के लिए एक ऑनलाइन मंच बनाया गया था। इसके अलावा, बोर्ड ने 24 से 25 फरवरी, 2018 तक पेरिस के चेटौ लेस मेसनल्स, कोडेक्स द्वारा आयोजित मेजबान देश कार्यशाला में भाग लिया।

आ) आगामी सत्र (सीसीएससीएच4)

मेक्सिको ने सीसीएससीएच (सीसीएससीएच4) के अगले सत्र की सह-मेजबानी करने की अपनी इच्छा व्यक्त की थी, लेकिन बाद में उन्होंने अपना वित्तीय वर्ष के समाप्त होने के कारण सीसीएससीएच 4की सह-मेजबानी करने में असमर्थता जताई। उन्होंने सुनिश्चित किया कि वे अपने मंत्रालय से सीसीएससीएच5 की सह-मेजबानी की संभावना का पता लगाएंगे। इसलिए चौथा सत्र भारत द्वारा आयोजित किया जाएगा, जो 21 से 25 जनवरी, 2019 के दौरान केरल के तिरुवनंतपुरम में आयोजित होने वाला है। सीसीएससीएच 4 के आयोजन स्थल के रूप में होटल लीला कोवलम को चुना गया है।

इ) खाद्य में संदूषकों पर कोडेक्स समिति (सीसीसीएफ)

सीसीसीएफ के द्वारा तैयार मसालों में माइकोटॉक्सिन संदूषण की रोकथाम और कमी की व्यावहारिक संहिता (सीओपी) को 17-22 जुलाई, 2017 के दौरान जिनेवा में आयोजित कोडेक्स एलिमेंटारियस कमीशन के चौथे सत्र में अपनाया गया था। स्पाइसेस बोर्ड के पदाधिकारियों ने इस सी ओ पी की तैयारी में सक्रिय भागीदारी की थी। खाद्य पदार्थों (सीसीसीएफ) में संदूषण पर कोडेक्स कमेटी के 11वें सत्र (अप्रैल वर्ष 2017) के दौरान, भारत ने पांच मसालोंः जायफल, मिर्च और पैप्रिका, अदरक, कालीमिर्च और हल्दी के लिए एफलाटॉक्सिन (एएफटी) और ओक्राटॉक्सिन ए (ओटीए) की अलग-अलग अधिकतम सीमा (एमएल) की स्थापना के लिए नए कार्य प्रस्ताव प्रस्तुत किए। इसके आधार पर, समिति भारत की अध्यक्षता में एक इलेक्ट्रॉनिक वार्षिक ग्रूप (ईडब्ल्यूजी) के माध्यम से जायफल, मिर्च और पैप्रिका, अदरक, कालीमिर्च और हल्दी पर एएफटी और ओटीए के लिए एमएल पर नए काम शुरू करने पर सहमत हुई, यह केवल ऑनलाइन काम कर रही है।

12-16 मार्च, 2018 के दौरान यूट्रेक्ट, नीदरलैंड में आयोजित सीसीसीएफ 12 में विचार-विमर्श हेतु इस कार्य के लिए चर्चा-पर्चा का मसौदा तैयार किया गया था। बोर्ड के वैज्ञानिक ने भारत की तरफ से ईडब्ल्यूजी कार्य की अध्यक्षता की और बोर्ड के कोडेक्स सेल ने विभिन्न सदस्य देशों से ईडब्ल्यूजी द्वारा एकत्रित मसालों में मौजूद माइकोटॉक्सिन से डेटा की समीक्षा करने और दस्तावेज़ तैयार करने के लिए सक्रिय रूप से काम किया।

सत्र में, चयनित मसालों में एएफटी और ओटीए के लिए एमएल की स्थापना पर प्रस्तावित मसौदा चर्चा-पर्चा भारत द्वारा प्रस्तुत किया गया था। विचार - विमर्श के बाद राष्ट्रों को समय देने हेतु, सीसीसीएफ ने कार्य को निलंबित करने और चरण 4 में एएफटी के लिए 20/30 यूजी/किग्रा और ओटीए के लिए 20 यूजी/किग्रा रखने और एमएल और मसालों में माइकोटॉक्सिन में कमी के लिए सीओपी लागू करने और तीन वर्ष बाद डेटा जमा करने पर सहमति व्यक्त की।

ई) कीटनाशकों के अवशेषों पर कोडेक्स समिति (सीसीपीआर)

कीटनाशक अवशेषों (जेएमपीआर) पर संयुक्त एफएओ/डब्ल्यूएचओ बैठक के मूल्यांकन के लिए मसालों में कीटनाशकों की निगरानी का डेटा मूल्यांकन के लिए नेटवर्क को ऑर्डिनेटर, कीटनाशक अवशेषों पर अखिल भारतीय नेटवर्क परियोजना, (एआईएनपीपीआर-आईसीएआर) को जमा किया गया और कोडेक्स अधिकतम अवशेष सीमा (एमआरएल) निर्धारण के लिए प्रस्तुत किया गया था।

उ) खाद्य स्वच्छता पर कोडेक्स समिति (सीसीएफएच)

बोर्ड ने खाद्य स्वच्छता (सीसीएफएच 49 पर कोडेक्स कमेटी के उनचासवें सत्र में भाग लिया और बोर्ड के कोडेक्स सेल ने सीसीएफएच में निम्नलिखित इलेक्ट्रॉनिक कार्यकारी समूहों (ईडब्ल्यूजी) में सक्रिय रूप से काम किया।

- खाद्य से उत्पन्न हुए (सूक्ष्म) जैविक संकट/प्रकोप के प्रबंधन के लिए दिशानिर्देश का विकास
- खाद्य स्वच्छता के सामान्य सिद्धांतों का संशोधन

8. ई-स्पाइस बाज़ार

आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में मिर्च और हल्दी के लिए ई-स्पाइस बाजार ट्रेसेबिलिटी प्रोजेक्ट, भारतीय स्पाइसेस बोर्ड और इलेक्ट्रोनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग (डेइटी), भारत सरकार की एक संयुक्त परियोजना है। परियोजना का उद्देश्य आपूर्ति श्रृंखला में मसाले का पता लगाने की क्षमता लाने और खरीददारों के साथ किसान के सीधे संपर्क को सक्षम करना है। इस परियोजना की एक प्रमुख विशेषता, उत्पादक कृषक संगठन (एफपीओ) को व्यवस्थित करना है, जो किसानों को सामूहिक रूप से आदान एकत्रित करने और उत्पादन को अधिक पेशेवर और क्षमता के साथ बेचने की पहल के लिए जोड़ सकता है।

वर्ष 2017-18 की अवधि के दौरान आंध्र प्रदेश और तेलंगाना राज्यों के 54 मंडलों के 528 गांवों के 52,687 किसान इस परियोजना के अंतर्गत शामिल थे, जिनमें 11055 हल्दी के और 41587 मिर्च के किसान थे। इसके अलावा, आंध्र प्रदेश के प्रकाशम और कृष्णा जिलों से परियोजना में 45 करी पत्ते के किसान भी जोड़े गए थे। जीएस1 इंडिया द्वारा आवंटित सभी किसानों को वैश्विक स्थान संख्या (जीएलएन) आवंटित की गई थीं। इसके अलावा, वैश्विक जीएपी प्रमाणन कार्यक्रम के अंतर्गत मिर्च के 660 किसानों और करी पत्ते के 45 किसानों को जोड़ा गया।

वर्ष 2017-18 के दौरान, ई-स्पाइस बाजार परियोजना क्षेत्र के गांवों में कुल 22 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम, क्षेत्रीय सेमिनार, व्यापारी बैठक और मास्टर प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल हैं। इसके अलावा, क्षेत्रीय संयोजक द्वारा अपने परियोजना क्षेत्रों में खेत स्तर की बैठकें आयोजित की गईं।

माननीय केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री सुरेश प्रभु और आंध्र प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री एन चंद्रबाबु नायडू ने 25 फरवरी, 2018 को विशाखापत्तनम में आधिकारिक तौर पर वेब पोर्टल, www,espicebazaar.com का शुभारंभ किया था। वेब पोर्टल में सभी किसानों, उनके खेतों, उर्वरक और कीटनाशक अनुप्रयोगों सहित कृषि पद्धतियों का विवरण दिया गया है। क्षेत्रीय संयोजक ने वेब पोर्टल पर जानकारी अपलोड की है, और किसानों का पता लगाने केलिए वेबपोर्टल के माध्यम से बैग पर फिक्स करने के लिए क्यूआर कोड उत्पन्न किए जाते हैं।

वेब पोर्टल में कुल 205 कंपनियां खरीददार के रूप में पंजीकृत हैं। पोर्टल में उत्पादक कृषक संगठन भी सूचीबद्ध हैं ताकि सदस्य किसानों को अपने खरीददारों के साथ लेनदेन को सक्षम किया जा सके। वर्ष 2017-18 के दौरान, विशाखपट्टणम क्षेत्र से ई-स्पाइस बाजार के अंतर्गत कुल 10 एफपीओ पंजीकृत किए गए थे, जिनमें कालीमिर्च किसान भी शामिल थे। ई-स्पाइस बाज़ार वेब पोर्टलों के माध्यम से वर्ष के दौरान निम्नलिखित तीन लेन-देन हुए थेः-

- वेब पोर्टल में खरीददार के रूप में पंजीकृत एक कंपनी, मैसर्स आत्मीया एग्री बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड ने पंजीकृत एफपीओ गुंटूर जिले के चेयुथा एग्रीकल्चर प्रोड्यूसर कंपनी से 8500 रुपए प्रति क्विंटल की दर से 75 क्विंटल मिर्च खरीदी।
- वेब पोर्टल के एक खरीददार, कोलकाता की मैसर्स अरिचा ट्रेडिंग कंपनी ने गुंटूर जिले के कोयावरिपलेम गांव के एक किसान श्री कोया वेंकट राव से 10,000 रुपए प्रति क्विंटल की दर से 35 क्विंटल मिर्च खरीदी।
- एक पंजीकृत खरीददार, मैसर्स ओलम एग्रो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने गुंटूर जिले के मंगलगिरि मंडल के नुट्टाकी गांव के मैपको नामक पंजीकृत एफपीओ से 6500 रुपए प्रति क्विंटल की द से 850 क्विंटल हल्दी खरीदी।

वास्तविक समय मौसम रिपोर्ट, प्रमुख बाजारों, अधिसूचनाओं, अच्छी कृषि प्रथाओं, एकीकृत कीट प्रबंधन, फसल सलाहकार, खेती पर वीडियो इत्यादि से वस्तुओं की कीमत वेब पोर्टल पर उपलब्ध कराई गई थी। वर्ष 2017-18 में पोर्टल में पंजीकृत एफपीओ की सूची नीचे दी गई है।

- पडेरू कृषि विपणन और सहयोगी उत्पादक पारस्परिक रूप से सहकारी समिति, पेडरू, विशाखापट्टणम जिला।
- जी मदुगुला कृषि और सहयोगी उत्पादक पारस्परिक रूप से सहायता प्राप्त सहकारी समिति लिमिटेड, जी, मदुगुला, विशाखापट्टणम जिला।
- जी.के. वीथी कृषि और सहयोगी उत्पादक पारस्परिक रूप से सहयोगी सहकारी समिति, जी के वीथी, विशाखापट्टणम जिला।
- चिंतापल्ली कृषि और सहयोगी उत्पादक परस्पर सहयोगी सहकाही समिति, चिंतापल्ली, विशाखापट्टणम जिला।
- मांचिंगिपुट्टू कृषि और संबद्ध उत्पादक पारस्परिक रूप से सहयोगी सहकारी समिति, पेडरू, विशाखपट्टणम जिला।
- पेडाबायलू कृषि और सहयोगी उत्पादक पारस्परिक रूप से सहयोगी पेडरू, वीशाखापट्टणम जिला।
- आंध्र कश्मीर ट्राइबल फर्मिंग एंड मार्केटिंग प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, तजंगी, चिंतापल्ली, विशाखापत्तनम जिला।
- आदिवासी अभिवृद्धि सांस्कृतिक संगम (एएएसएसएवी), हट्टागुडा गांव, अराकुवालली मंडल, विशाखापट्टणम जिला।
- गिरि चैतन्य फार्मिंग एंड मार्केटिंग ने पारस्परिक रूप से सहायता प्राप्त सहकारी समिति, पुजारीपक्कलु, जी.के. वीथी पोस्ट और मंडल, विशाखापट्टणम जिला।
- मैथोटा,ट्राइबल फार्मिंग एंड मार्केटिंग प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, डोमालगोंडी, चिंतापल्ली, विशाखापट्टणम जिला।

9. गुणवत्ता सुधार

स्पाइसेस बोर्ड ने 1989 में कोच्ची में अपनी पहली गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशाला (क्यूईएल) की स्थापना की। क्यूईएल, कोच्ची को 1997 से आईएसओ 9001 गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली के अंतर्गत प्रमाणित किया गया है और 1999 से ब्रिटिश मानक संस्थान, यूके द्वारा आईएसओ 14001 पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली और सितंबर 2004 के बाद से राष्ट्रीय प्रमाणीकरण बोर्ड, परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशालाओं (एनएबीएल), विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा आईएसओ/आईईसीः 17025 के रूप में प्रमाणित किया गया है।

निर्यातकों को तेजी से विश्लेषणात्मक सेवाएं प्रदान करने के एक हिस्से के रूप में, स्पाइसेस बोर्ड ने पूरे भारत में क्षेत्रीय क्यूईएल स्थापित किए हैं। अब चेन्नई, गुंटूर, मुंबई, नई दिल्ली, तूतिकोरिन और कांडला जैसे प्रमुख उत्पादन/निर्यात केंद्रों में छह क्षेत्रीय गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशालाएं संचालित हैं। कोलकाता में सातवीं क्षेत्रीय क्यूईएल की स्थापना की जा रही है और जल्द ही इसके कार्य आरंभ करने की आशा है। कोच्ची, मुंबई, गुंटूर, चेन्नई और दिल्ली की प्रयोगशालाओं को एनएबीएल मान्यता प्राप्त है और अन्य दो प्रयोगशालाएं मान्यता प्राप्त करने की प्रक्रिया में हैं। आयात करने वाले देशों की आवश्यकताओं के अनुसार प्रयोगशालाओं को परिष्कृत उपकरणों से सुसज्जित किया गया है। वर्कशीट और विश्लेषणात्मक परिणामों को प्रस्तुत करने सहित प्रयोगशाला की विश्लेषणात्मक सेवाओं से संबंधित दस्तावेज "क्यूयूएडीएमएएस" नामक सॉफ्टवेयर सिस्टम के माध्यम से ऑनलाइन उत्पादित किए जाते हैं और इनका लगातार अद्यतन कार्य होता है। क्यूईएल स्पाइसेस बोर्ड के अनिवार्य निरीक्षण के अंतर्गत आनेवाले परेषण के नमूने का विश्लेषण करते हैं, भारतीय मसाला उद्योग को विश्लेषणात्मक सेवाएं प्रदान करते हैं और देश में उत्पादित और संसाधित मसालों की गुणवत्ता की निगरानी में मदद करते हैं।

अ) विश्लेषणात्मक सेवाएं:

वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान, प्रयोगशाला ने मिर्च, मिर्च उत्पादों, हल्दी पाउडर और मिर्च युक्त अन्य खाद्य उत्पादों के परेषणों के अनिवार्य नमूने के अंतर्गत सूडान डाई 1-4 और एफ़्लाटोक्सिन की मौजूदगी के लिए मिर्च और मिर्च उत्पादों के अनिवार्य नमूने का विश्लेषण जारी रखा। चीनी लेपित बडी सौंफ़ के बीज (सनसेट येल्लो के लिए), करी पत्तियों (कीटनाशकों अर्थात् ईयू के प्रोफनोफोस, ट्रीइज़ोफोस और एंडोसल्फन के लिए), जीरा के बीज (बाहरी पदार्थ और अन्य बीजों के लिए) और मिर्च, जीरा और मसाले मिश्रण (यू एस में साल्मोनेला के लिए) बोर्ड के अनिवार्य निरीक्षण के अनुसार निर्यात माल का विश्लेषण किया गया।

इस अवधि के दौरान इप्रोबेंफोस, प्रोफेनोफोस, ट्राइज़ोफोस, ट्राइज़ोफोस, एथियोन, फोरेट, पैराथियेन, क्लोरपीरिफोस और मेथिल पैराथियन जैसे कीटनाशकों के अवशेषों के लिए भारत से जापान भेजे जाने वाले मिर्च, जीरा, हल्दी, कालीमिर्च, मेथी और हरी इलायची जैसे मसालों और मसाला उत्पादों (तेल और तैलीराल को छोड़कर) का साबुत और पीसे रूप में परीक्षण और आयातित कालीमिर्च के परेषणों में पिपेरीन और तैलीराल घटक का विश्लेषण भी किया गया था।

मसालों और मसाले उत्पादों में सामान्य भौतिक, रासायनिक और सूक्ष्मजीव वैज्ञानिक मानकों के अलावा अन्य गैरकानूनी रंगों (जैसे पैरा रेड, रोडामीन बी, बट्टार येल्लो, सूडान रेड 7बी और सुडान ऑरेंज जी), ओक्रेटॉक्सिन ए, कालीमिर्च में खनिज तेल का पता लगाने, इलायची मे अवैध रंग, अमलतास (कैसिया)/दालचीनी आदि में कौमारिन घटक जैसे विभिन्न मानकों के लिए विश्लेषणात्मक सेवा भी प्रदान की गई थी।

वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान प्रयोगशाला में एफ्लाटॉक्सिन, अवैध रंगों, कीटनाशक अवशेष, साल्मोनेला सहित विभिन्न मानकों के लिए 1,17,474 नमूनों का विश्लेषण किया गया।

आ) मानव संसाधन विकास कार्यक्रमः

इस अवधि के दौरान, प्रयोगशाला कर्मियों की तकनीकी क्षमताओं में सुधार और प्रयोगशाला द्वारा अपनाई गई विभिन्न गुणवत्ता प्रणालियों की आवश्यकताओं को अद्यतन करने के भाग के रूप में, तकनीकी कर्मचारियों ने निम्नलिखित राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम/ कार्यशालाओं में भाग लिया।

1 रियो डी जेनिएरो में 2 से 7 अप्रैल, 2017 के दौरान खाद्य में संदूषकों पर कोडेक्स समिति का प्रशिक्षण कार्यक्रम।

2 नई दिल्ली में, 1 और 2 मई. 2017 को सीआईआई के सहयोग से वाणिज्य विभाग द्वारा मानक क्षेत्रीय और क्षेत्रीय समावेश के लिए एक व्यापक राष्ट्रीय तंत्र विकसित करने पर चौथा राष्ट्रीय मानक सम्मेलन।

3 चेन्नई में एनएबीएल द्वारा 2 से 5 मई, 2017 को आयोजित "आईएसओ/आईईसी 17025 के अनुसार प्रवीणता परिक्षण के लिए सामान्य आवश्यकताएं" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम।

4 क्यूईएल, कोच्ची में 5 और 6 जून, 2017 को क्यूचर विधि द्वारा कीटनाशक अवशेष विश्लेषण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम।

5 एसटीक्यूसी, नोएडा में, 14 से 16 जून, 2017 के दौरान माप में अनिश्चितता पर प्रशिक्षण कार्यक्रम।

6 वाटर्स लैब बैंगलोर में, 29 मई से 1 जून, 2017 तक माइकोटॉक्सिन्स पर एफएसएसएआई द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम।

7 अबाद प्लाजा, कोच्ची में, 15 से 17 सितंबर, 2017 तक, परीक्षा परिणामों और परीक्षा प्रक्रियाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर क्यू-इंडिया सलाहकार सेवाओं द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम।

8 सीआईआई बैंगलोर में, 8 और 9 फरवरी, 2018 को आईएसओ 17025 पर दो दिन का जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम।

9 एनआईएफएम फरीदाबाद में, 19 से 24 मार्च, 2018 तक सार्वजिक खरीद, सामान्य वित्तीय नियम 2017 और ई-प्रोक्योरमेंट पर प्रशिक्षण कार्यक्रम।

10 चेन्नई में 2 से 5 मई, 2017 के दौरान आयोजित आईएसओ के अनुसार प्रवीणता परीक्षण के लिए सामान्य आवश्यकताः आईईसी 17043:2010 पर प्रशिक्षण पाठ्यक्रम।

11 सीआईआई बैंगलोर में 19 से 22 सितंबर, 2017 के दौरान आयोजित आई एस ओ / आई ई सी 17025:2017 अनुसार प्रयोगशाला प्रबंधन और आंतरिक लेखापरीक्षा पर प्रशिक्षण कार्यक्रम।

12 बैंगलोर में 2 से 6 अक्तूबर, 2017 तक एनएबीएल निर्धारक पाठ्यक्रम।

13 वर्ष 2018 एनएबीएल बैंगलोर में 8 और 9 फरवरी, 2018 को एनएबीएल आईएसओ 17025:2017 के परिचय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम।

14 नोएडा में 14 से 16 जून, 2017 तक एसटीक्यूसी अनिश्चितता माप पर प्रशिक्षण कार्यक्रम।

इ) प्रशिक्षण कार्यक्रम

क) मसाला उद्योग/कॉलेजों के तकनीकी कर्मियों के लिएः

प्रयोगशाला ने वर्ष 2017-18 में भौतिक, रासायनिक, अवशेषत्मक और सूक्ष्मजैविक मानकों के लिए मसालों और मसाला उत्पादों के विश्लेषण पर चार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। विभिन्न मसाला उद्योगों के तकनीकी कर्मियों समेत कुल 21 प्रतिभागियों ने कार्यक्रमों में भाग लिया

प्रयोगशाला ने विभिन्न कॉलेजों/विश्वविद्यालयों से एमएससी अंतिम वर्ष के छात्रों (6 प्रतिभागी) और बीएससी छात्रों (19 प्रतिभागी) के लिए शोध प्रबंध सुविधाएं और मार्गदर्शन प्रदान किया

ख) क्यूईएल द्वारा आयोजित अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम

- गुजरात राज्य सरकार के अधिकारियों को 30 जनवरी, 2018 को "मसालों और मसाला उत्पादों के गुणवत्ता नियंत्रण और उत्पाद प्रमाणीकरण" पर प्रशिक्षण दिया गया। 5 और 6 फरवरी, 2018 को क्यूईएल, मुंबई में "गुणवत्ता नियंत्रण, निर्यात प्रक्रिया, उत्पाद प्रमाणन और मसालों के निर्यात के लिए जरूरी अन्य प्रमाणन" पर महाराष्ट्र सरकार के सरकारी अधिकारियों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया
